तापमान

अधिकतम 34 डिग्री

न्यूनतम 21 डिग्री

हरिभूमि

# सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, मंगलवार, 7 अप्रैल 2026

[ अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज ]

2 श्रमवीर स्टेडियम के प्रवेश द्वार का हिस्सा गिरा



## खबर संक्षेप

### सरगुजा कप ऑल इंडिया ओपन फीडे रेटेड शतरंज टूर्नामेंट 10 से

**अम्बिकापुर।** सरगुजा कप ऑल इंडिया ओपन फीडे रेटेड शतरंज टूर्नामेंट 2026 का आयोजन 10 से 13 अप्रैल तक सुसीमा वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा शासकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज परिसर में किया जाएगा। राष्ट्रीय स्तर की इस प्रतियोगिता में देश के लगभग 10 राज्यों के 250 खिलाड़ी भाग लेंगे, जिनमें करीब 90 फीडे रेटेड खिलाड़ी शामिल होंगे। आयोजकों के अनुसार प्रतियोगिता के शीर्ष 5 बोर्डों पर डीजीटी बोर्ड लगाए जाएंगे, जिनके माध्यम से मुकाबलों का लाइव टेलीकास्ट वैश्विक प्लेटफॉर्म्स पर किया जाएगा ताकि देश-विदेश के दर्शक भी रोमांचक मुकाबलों का आनंद ले सकें। प्रतियोगिता की कुल पुरस्कार राशि 2 लाख रूपए निर्धारित की गई है। पश्चिम बंगाल के अनुष्टुप विश्वास, महाराष्ट्र के इंद्रजित एवं श्रेयान मजूमदार, गुजरात के इंटरनेशनल मास्टर राहुल संगमा, रेलवे के विनोद शर्मा तथा छत्तीसगढ़ के मोबिन फारूखी भाग लेंगे। आयोजन समिति में सुजीत जायसवाल, बी.मनियन, विश्वास तिवारी एवं शेष रतन जायसवाल सक्रिय भूमिका निभा रहे है। प्रतियोगिता के मुख्य निर्णायक अंतरराष्ट्रीय आर्बिटर अनीश अंसारी होंगे।

### स्वास्थ्य केन्द्र महुली एवं मोहरसोप के लिए एंबुलेंस की मांग



**बिहारपुर।** ग्राम पंचायत अवंतिकापुर के उपसरपंच तुलसीराम जायसवाल ने कलेक्टर जनदर्शन में आवेदन देकर उप स्वास्थ्य केंद्र महुली एवं मोहरसोप प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के लिए 108 एवं 102 एम्बुलेंस उपलब्ध कराने की मांग की है। उन्होंने बताया कि एंबुलेंस के अभाव में दूरस्थ क्षेत्र के मरीजों एवं गर्भवती महिलाओं को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मरीजों को गंभीरावस्था में रिफर करने के दौरान 108 एम्बुलेंस नहीं होने के कारण निजी वाहन की व्यवस्था करने में घंटों का समय लग जाता है। इसी तरह गर्भवती महिलाओं को घर से स्वास्थ्य केंद्र एवं स्वास्थ्य केंद्र से घर ले जाने के लिए 102 एंबुलेंस के अभाव में भारी समस्या होती है। एम्बुलेंस उपलब्ध होने से दूरस्थ क्षेत्र के ग्रामीणों को काफी सुविधा मिलेगी तथा उनका उपचार समय से हो सकेगा।

### फांसी लगाने की अलग-अलग घटनाओं में दो महिलाओं की मौत

**अम्बिकापुर।** फांसी लगाने की अलग-अलग घटनाओं में दो महिला की मौत हो गई। एक विवाहिता की मौके पर जबकि दूसरी महिला की अस्पताल ले जाते समय रास्ते में मौत हो गई। दोनों मामलों में पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार शहर से लगे ग्राम केपी बतरा पहरी निवासी पूजा गिरी पति मुकेश गिरी (19 वर्ष) बताया जा रहा है कि ढाई साल पहले की पूजा का विवाह हुआ था। रविवार की शाम घर में तभी पति को बुखार होने पर पति को दवा लाने को कही लेकिन पति दवा लाने के बजाय डांस करने चला गया। कुछ समय बाद घर लौटा तो पत्नी ने पहले उसे गले लगाया और इधर उधर भागने लगी। परिजन किसी तरह उसे पकड़ कर ग्राम पूटा मायके पक्ष को घटना की जानकारी दी। इसी बीच विवाहिता कमरे में जाकर दरवाजा बंद कर ली और साड़ी के सहारे फांसी लगा लिया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मामले में कोतवाली पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात जांच शुरू कर दी। वहीं दूसरी घटना में लुण्ड्रा थाना अंतर्गत ग्राम लमगांव निवासी धनेश्वरी पति चैन साय (35 वर्ष) शराब पीने की आदि थी। रविवार की शाम नशे की हालत में घर में फांसी लगा लिया। परिजन दरवाजा तोड़ कर उसे फांसी से उतारा और तत्काल मेडिकल कॉलेज अस्पताल लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत महिला को मृत घोषित कर दिया।

## सकालो जंगल में दम्पति व बेटे की मौत, ऑटो सवार दोस्तों को पिकअप ने मारी टक्कर

# 24 घंटे के भीतर चार सड़क हादसों में 9 लोगों की मौत, दो गंभीर

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

**खास बात**

- बेटे से मिलने कोरबा गए थे माता-पिता, छोड़ने आया था पुत्र

सरगुजा में रविवार और सोमवार का दिन हादसों के नाम रहा। पिछले 24 घंटे के अंदर हुई चार भीषण सड़क हादसों में 9 लोगों की मौत हो गई। एनएच 130 पर स्कॉर्पियो की टक्कर से एक ही परिवार की तीन महिलाओं की मौत के बाद मणिपुर थाना के समीप पिकअप की टक्कर से ऑटो सवार दो युवकों की मौत हो गई। इसके साथ ही शहर से लगे सकालो जंगल में ट्रक की टक्कर से पति-पत्नी और पुत्र की मौत हो गई। वहीं सोमवार की देर शाम शहर के पीजी कॉलेज के समीप अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई। इन हादसों के बाद कोहराम मच गया है। फिलहाल पुलिस सभी घटनाओं की जांच कर रही है।

बता दें कि रविवार की देर शाम एनएच 130 पर भिट्ठी कला में बाजार के समीप तेज रफ्तार स्कॉर्पियो की टक्कर से पैदल चल रही तीन महिलाओं की मौत हो गई थी। इसके साथ ही बीती रात 10 बजे ऑटो सवार दो युवकों की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि बिलासपुर चौक मठपारा निवासी विशाल हलवाई आ. सुदामा साव की ऑटो है। रविवार की रात विशाल अपने दोस्त 20 वर्षीय बादल नगेसिया आ. अनिल नगेसिया के साथ ऑटो से सवारी छोड़ने के लिए बिलासपुर रोड में गया हुआ था। सवार छोड़कर वापस लौटते समय मणिपुर थाना के समीप ही विपरीत दिशा से आ रहे तेज रफ्तार पिकअप वाहन के चालक ने लापरवाहीपूर्व वाहन चलाते हुए ऑटो को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि ऑटो बुरी तरह से क्षति ग्रस्त हो गया। टक्कर के बाद दोनों युवक ऑटो में ही फंस गये थे। स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने लोगों के सहयोग से कड़ी मशक्कत के बाद ऑटो को सीधा कर फंसे हुए युवकों को बाहर निकाला लेकिन इस हादसे में बादल नगेसिया की मौके पर ही मौत हो गई थी जबकि विशाल को उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर शवों को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया। इसके साथ ही मामले में अपराध दर्ज कर आरोपी की तलाश की जा रही है।



घटना स्थल पर लोगों की भीड़ व क्षतिग्रस्त वाहन।

### ट्रक की टक्कर से पति पत्नी और बेटे की मौत

सड़क हादसे के सिलसिले में सोमवार को शहर से लगे सकालो जंगल में दम्पति और पुत्र की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि राजपुर दौरा निवासी 25 वर्षीय राहुल टोप्पो और उसके साथी सोनू केरकेट्टा को एसईसीएल में जमीन के एवज में कोरबा में नौकरी मिली है। दोनों युवक कोरबा में रहकर एसईसीएल में काम करते है। एक सप्ताह पूर्व राहुल के माता-पिता उससे मिलने के लिए कोरबा गए हुए थे और उसके बाद सभी वापस लौट रहे थे। इस दौरान कार को सोनू केरकेट्टा चला रहा था। सुबह 5 बजे के करीब जब कार सवार लोग शहर से लगे गांधीनगर थाना क्षेत्र के ग्राम सकालो पहुंचे तो प्रतापपुर की ओर से जा रहे तेज रफ्तार ट्रक के चालक ने तेज व लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए टक्कर मार दी। टक्कर के बाद कार के परखच्चे उड़ गए। इस हादसे में परिवार के सदस्य वाहन में ही फंस गये। भीषण सड़क हादसे में राजपुर दौरा निवासी 52 वर्षीय केईलाराम टोप्पो, 50 वर्षीया मानीमती टोप्पो और उसके पुत्र 25 वर्षीय राहुल टोप्पो की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद क्षेत्र में हडकंप मच गया। स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना के बाद गांधीनगर पुलिस ने शवों को अस्पताल भेजने के साथ ही कार चालक सोनू केरकेट्टा को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। घायल युवक की हालत गंभीर बताई जा रही है। हादसे के बाद मार्ग पर आवागमन बाधित हो गया। इस हादसे में एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत के बाद क्षेत्र में शोक का माहौल है। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर शवों को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया है।

### बाइक सवार युवक की मौत, नहीं हुई पहचान



सोमवार की शाम शहर के पीजी कॉलेज के समीप तेज रफ्तार बाइक सवार युवक हादसे का शिकार हो गए। बताया जा रहा है कि देर शाम पीजी कॉलेज के समीप तेज रफ्तार बाइक सवार युवक किसी अज्ञात वाहन से टकरा गए। टक्कर इतनी जोरदार थी कि एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। इस दौरान मौके पर मौजूद लोगों ने मृतक व घायल को उठाकर अस्पताल भेजा। फिलहाल घटना के कारण का पता नहीं चल सका है लेकिन तेज रफ्तार के कारण हादसा होने की बात कही जा रही है। वहीं मृतक की पहचान हेतु पुलिस द्वारा प्रयास किए जा रहे है।

### सड़क दुर्घटना में प्रधान पाठक की मौत, तीन घायल



**रामानुजगंज।** क्षेत्र के ग्राम चिनिया में सोमवार को अपराह्न लगभग 3.30 बजे एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। मोड़ के पास दो बाइकों के बीच हुई आमने-सामने टक्कर में एक प्रधान पाठक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार, सलवाही नवापारा में पदस्थ प्रधान पाठक दयाशंकर सिंह मरकाम अपने साथी अनिल मरकाम के साथ बैंक कार्य से रामानुजगंज आ रहे थे। इस दौरान विपरीत दिशा से संतोषी नगर पिपराही निवासी दो युवक बाइक से आ रहे थे तथा मोड़ के पास दोनों के बीच जोरदार भिड़ंत हो गई। हादसे में दयाशंकर सिंह मरकाम की मौके पर ही मृत्यु हो गई, जबकि उनके साथी अनिल मरकाम घायल हो गए वहीं दूसरी बाइक पर सवार संतोषी नगर पिपराही निवासी विक्रम (18वर्ष) और सूरज मंडल (18वर्ष), पिता मृत्युंजय मंडल भी घायल हो गए। घटना के बाद सभी घायलों को एंबुलेंस की सहायता से 100 बिस्तर अस्पताल रामानुजगंज लाया गया, जहां डॉक्टर सकेंद्र गुप्ता द्वारा उनका उपचार किया जा रहा है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। दोनों युवक बलरामपुर महिंद्रा शोरूम में कार्य करते हैं।



# मुआवजे की मांग को लेकर प्रदर्शन, 5 घंटे एनएच जाम

- रविवार को स्कॉर्पियो की टक्कर से हुई थी तीन महिलाओं की मौत

**अंबिकापुर।** एनएच 130 पर रविवार की शाम हुई सड़क दुर्घटना में तीन महिलाओं की मौकत के बाद ग्रामीणों का आक्रोश भड़क उठा। ग्रामीणों ने मुआवजा व कार्रवाई की मांग को लेकर टायर जलाकर विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान लगभग पांच घंटे तक राष्ट्रीय राजमार्ग पर आवागमन बाधित रहा और लोगों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ा। चक्काजाम से दोनों ओर 10 किलोमीटर तक वाहनों की लाइन लगी रही। प्रशासनिक अमले ने उचित मुआवजा सहित अन्य आश्वासन देकर तीन बजे चक्काजाम समाप्त कराया।

बता दें कि रविवार की शाम लखनपुर जोगीबांध निवासी 50 वर्षीया रामबाई पति जूठन, 60 वर्षीया मुन्नी बाई पति धनसाय राजवाड़े, 55 वर्षीय श्यामपति पति तिलसाय राजवाड़े नेशनल हाईवे 130 स्थित भिट्ठीकला में बाजार से सब्जी खरीदकर लौट रही थी। इस दौरान तेज रफ्तार स्कॉर्पियो के चालक के शराबी चालक ने पैदल घर लौट रही महिलाओं को टक्कर मार दी। टक्कर के बाद महिलाएं दूर जा गिरी और उनकी मौके पर ही मौत हो गई थी। इस दौरान गामीणों का आक्रोश भड़क उठा था लोगों ने चालक सोनू राजवाड़े की जमकर पिटाई कर दी। ग्रामीण आन्दोलन की तैयारी कर रहे थे। लगभग एक घंटे तक चले हंगामे के बाद एसडीएम के आश्वासन उपरान्त मामला शांत हो गया था लेकिन सोमवार की सुबह एक बार फिर से ग्रामीणों का आक्रोश भड़क उठा। एक ही परिवार की तीन महिलाओं की लाश पीएम उपरान्त परिजन को सौंपी गई जिसके बाद आक्रोशित लोगों ने एनएच 130 पर टायर जलाकर प्रदर्शन शुरू कर दिया। इस दौरान लाशों को भी वाहन में रखा गया था।

सुबह 10 बजे आन्दोलन शुरू होने के बाद राष्ट्रीय राजमार्ग बाधित हो गया और वाहनों की कतार लग गई। जाम में कई एम्बुलेंस भी फंस गए। हालांकि इनमें मरीज नहीं थे। चक्काजाम की सूचना पर एसडीएम फागेश सिन्हा सहित पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे। अधिकारियों के समक्ष ग्रामीणों ने मुआवजा दिलाए जाने, 30 दिनों में चालान पेश करने, वाहनों की रफ्तार पर नियंत्रण के लिए स्पीड ब्रेकर लगाने, स्ट्रीट लाइट लगाने सहित अन्य मांगें रखीं। एसडीएम फागेश सिन्हा ने मांगें पूरी करने का आश्वासन दिया, जिसके बाद तीन बजे चक्काजाम समाप्त हुआ। चक्काजाम समाप्त होने के बाद मार्ग से आवागमन शुरू कराया गया, जिसे सुचारू होने में एक से डेढ़ घंटे लग सकते हैं।

# फार्म हाउस में मारपीट के बाद भड़का आक्रोश, ऑटो, गुमटी में लगाई आग

- गांव में तैनात किया गया पुलिस बल, रातभर क्षेत्र में मौजूद रहे कलेक्टर, एसएसपी

**अंबिकापुर/धौरपुर।** लुंड्रा क्षेत्र के डूमरडीह में दो वाहनों के बीच मामूली टक्कर के बाद फार्म हाउस में घुसकर युवक की पिटाई करने के मामले में पुलिस ने पांच लोगों को गिरफ्तार किया है, वहीं इस घटना के बाद आक्रोशित लोगों ने गांव में रैली निकाली और फिर कुछ ऑटो, गुमटी में आज लगा दी। मारपीट, आगजनी के बाद क्षेत्र में रविवार को माहौल तनावपूर्ण हो गया। घटना के बाद क्षेत्र में बड़ी संख्या में पुलिस बल को तैनात किया गया है इसके साथ ही रात भर कलेक्टर, एसपी भी क्षेत्र में ही मौजूद रहे।

बताया जा रहा है कि 2 अप्रैल धौरपुर के रोहितेश्वर प्रताप सिंह अपने घर से ककनी स्थित फार्म हाउस जा रहा था। रास्ते में नाले के पास डूमरडीह के कादिर खान की ऑटो से उसकी कार की मामूली टक्कर हो गई। इसके बाद कादिर खान फार्म हाउस पहुंचा और रोहितेश्वर से गाली गलौज की और फिर लौट आया। फार्म हाउस में विवाद के बाद रोहितेश्वर ग्राम रवई होकर डूमरडीह हाईस्कूल के पास पहुंचा। तभी कादिर खान ने उसकी कार रोक ली। मौके पर कुछ और लोग भी आ गए। स्थिति बिगड़ने से पहले रोहितेश्वर ने अपनी कार घुमाकर जाने की कोशिश की, लेकिन कार कादिर खान के ऑटो से टकरा गई। इससे कार और ऑटो दोनों को नुकसान हुआ। इसके बाद रोहितेश्वर अपने फार्म हाउस, ग्राम ककनी लौट आया।

कुछ देर बाद कादिर खान अपने साथियों मोहम्मद खान, हयात खान, अल्ताफ खान, फरहान खान और अन्य लोगों के साथ फार्म हाउस में घुस गया। उन्होंने गाली-गलौज करते हुए रोहितेश्वर से मारपीट शुरू कर दी। फार्म हाउस के कर्मचारी बीच-बचाव करने लगे तो सभी वहां से भाग गए। इस घटना की शिकायत पर पुलिस ने डूमरडीह में छापेमारी कर सभी पांच नामजद आरोपियों डूमरडीह निवासी 40 वर्षीय कादिर खान आ. स्व. उमर खान, 26 वर्षीय फरहान खान आ. हकीम खान, 40 वर्षीय अल्ताफ खान आ. स्व. उमर खान, 42 वर्षीय हयात खान आ. स्व. उमर खान व 30 वर्षीय मोहम्मद खान आ. उमर खान को बीएनएस की धारा126 (2), 191(1), 333, 296, 351 (3), 115(2), 324 (2) के तहत गिरफ्तार कर लिया है।



गांव में तैनात पुलिसबल, इनसेट में जल कर खाक ऑटो।

### स्थिति नियंत्रण में

दो पक्षों के बीच विवाद हुआ था। मारपीट करने के मामले में शिकायत पर पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया था। इसके साथ ही आगजनी करने वाले दूसरे पक्ष के खिलाफ भी अपराध दर्ज कर चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है। हालात फिलहाल नियंत्रण में है और एहतियातन पुलिस बल को क्षेत्र में तैनात किया गया है। मामले की निष्पक्ष जांच चल रही है।

-राजेश अग्रवाल एसएसपी सरगुजा

### रैली निकालकर की आगजनी की घटना



इधर दो पक्षों के बीच के विवाद के बाद बड़ी संख्या में लोग एकत्रित हुए और गांव में रैली निकाली। इस दौरान उन्होंने एक व्यक्ति के ऑटो और गुमटी में आग लगा दी। एक बस में भी तोड़फोड़ की गई। इस घटना के बाद क्षेत्र में स्थिति तनाव पूर्ण हो गई जिसके बाद कलेक्टर अजीत वसंत, एसएसपी राजेश अग्रवाल के साथ ही आला अधिकारी गांव में पहुंचे और भारी संख्या में पुलिस बल को तैनात किया गया। कलेक्टर एसपी रातभर गांव में डटे रहे और लोगों को समझाइश देने का प्रयास किया। फिलहाल इस मामले में पुलिस ने आगजनी और तोड़फोड़ करने के मामले में बीएनएस की धारा 190, 191(2), 299, 326(एफ), 326(जी) के तहत अपराध दर्ज कर दूसरे पक्ष से चार लोगों को गिरफ्तार किया है। इसके साथ ही गांव में विशेष बल को तैनात किया गया है जिससे स्थिति फिलहाल नियंत्रण में बनी हुई है।

## वायरल वीडियो के बाद एसएसपी ने की कार्रवाई, जांच में जुटी पुलिस

# कुमेली रेस्ट हाउस में जमा जुए का फड़ : थाना प्रभारी और आरक्षक निलंबित

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

कुमेली रेस्ट हाउस में खुले आम लाखों रूपए का जुआ खेलने के मामले में एसएसपी ने कड़ी कार्रवाई की है। क्षेत्र में चल रहे इतने बड़े जुआ फड़ की जानकारी नहीं होने अथवा संलिप्तता की संभावनाओं को देखते हुए लापरवाही पर रामानुजनगर थाना प्रभारी को निलंबित कर दिया गया है। इसके साथ ही मौके पर एक चालक आरक्षक के भी जुआ खेलने की पुष्टि हुई है जिसके बाद आरक्षक को भी तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। इस कार्रवाई से एसएसपी ने कड़ा सन्देश दिया है कि इस तरह की गतिविधियों में संलिप्त रहने और लापरवाही करने वाले पुलिसकर्मियों को अब किसी भी हाल में बख्सा नहीं जाएगा।

बता दें कि 5-6 अप्रैल को सोशल मीडिया में एक वीडियो जमकर वायरल हुआ। वायरल वीडियो में बड़ी संख्या में लोग फड़ लगाकर जुआ खेल रहे थे। फड़ में लाखों रूपए का दांव एक बार में लगाया जा रहा था। वायरल वीडियो सूरजपुर जिले के रामानुजनगर थाना क्षेत्र के कुमेली रेस्ट हाउस का बताया गया। इस वीडियो के वायरल होने के बाद एसएसपी प्रशांत ठाकुर ने कड़ी जांच व कार्रवाई के निर्देश दिए थे। इस जांच में अब तक जो जानकारी सामने आई है उसके मुताबिक़ वायरल वीडियो कुमेली रेस्ट हाउस का ही है लेकिन दिसम्बर जनवरी माह का वीडियो होने की बात कही जा रही है। इसके साथ ही उक्त वीडियो में आरक्षक चालक क्रमांक 454 भी जुआ खेलते हुए नजर आ रहा है। सूत्रों के अनुसार आरक्षक पंकज सिंह के खिलाफ जुआ खेलने की पूर्व में भी कई शिकायतें रह चुकी है। ऐसे में एसएसपी श्री ठाकुर ने आरक्षक पंकज सिंह को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया है। इसके साथ ही इस मामले में बड़ी कार्रवाई थाना प्रभारी के उपर भी की गई है। क्षेत्र में बेखौफ जुआ खेलने और लाखों का दांव लगने पर एसएसपी श्री ठाकुर ने रामानुजनगर थाना प्रभारी अलरिक लकड़ा पर कार्रवाई की। आदेश में लिखा गया है कि कुमेली क्षेत्र में वृहद पैमाने पर जुआ खेले जाने से थाना प्रभारी की संलिप्तता अथवा लापरवाही प्रतीत होती है। अवैध गतिविधियों पर लगाम नहीं लगा पाने, थाना क्षेत्र में नियंत्रण नहीं रखने के कारण एसएसपी ने थाना प्रभारी अलरिक लकडा को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया है और मामले की जांच चल रही है।



### की गई है कार्रवाई

वायरल वीडियों की जांच के बाद कार्रवाई की गई है। चालक आरक्षक के खिलाफ पूर्व में भी शिकायतें थी। क्षेत्र में जुआ खेले जाने और थाना प्रभारी को जानकारी नहीं होना बड़ी लापरवाही है। इसलिए दोनों को निलंबित किया गया है। जिले में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

-प्रशांत ठाकुर, एसएसपी सूरजपुर

# बेमौसम बारिश से सामान्य से नीचे पहुंचा पारा 3 दिनों तक प्रभावित रहेगा मौसम

**अम्बिकापुर।** पछुआ विक्षोभ के प्रभाव से पिछले चार दिनों से मौसम में व्यापक बदलाव आया है तथा आसमान पर बादलों की आवाजाही बढ़ने के साथ ही लगातार आंधी के साथ कहीं-कहीं बेमौसम बारिश हो रही है। मौसम विज्ञानी विक्षोभ की सक्रियता से आगामी दिनों में भी मौसम के प्रभावित रहने एवं गरज-चमक एवं तेज हवाओं के साथ कहीं-कहीं ओले गिरने एवं बारिश होने की संभावना व्यक्त कर रहे हैं। मौसम विज्ञानी अक्षय मोहन भट्ट ने बताया कि दो पश्चिमी विक्षोभों की सक्रियता से आगामी दिनों में भी मौसम के प्रभावित रहने की संभावना है। विक्षोभ के प्रभाव से उत्तर पश्चिम, मध्य एवं पूर्वी भारत के राज्यों में तेज रफ्तार आंधी चलने के साथ ही कहीं ओले गिरने एवं बौछारें पड़ने की संभावना है। पूर्व में सक्रिय विक्षोभ के सरगुजा के ऊपर से गुजरने के कारण पिछले चार दिनों से कहीं-कहीं तेज हवा एवं गरज-चमक के साथ वर्षा हो रही है वहीं आगामी तीन दिनों तक मौसम के प्रभावित रहने की संभावना है। रविवार को वाड्रफनगर सहित आसपास के क्षेत्रों में अच्छी वर्षा दर्ज की गई है। हाल के दिनों में शहर सहित विभिन्न क्षेत्रों में हुई बारिश के कारण दिन एवं रात के तापमान तेज गिरावट हुई है तथा तापमान के सामान्य से नीचे पहुंचने से गर्मी से राहत मिली है। मौसम कार्यालय द्वारा सोमवार को अधिकतम तापमान 33.6 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया है जो सामान्य से 2.7 डिग्री वहीं न्यूनतम तापमान 18.4 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया है जो सामान्य से 1.8 डिग्री नीचे है। मौसम विज्ञानी 10 अप्रैल को विक्षोभ के कमजोर पड़ने की संभावना व्यक्त कर रहे है।

## खबर संक्षेप

### इम्पैनलमेंट के लिए मंगाए गए आवेदन

**बैकुण्ठपुर।** मुख्यमंत्री अनुसूचित जाति तथा जनजाति विद्यार्थी उत्कर्ष योजना (पूर्व में जवाहर उत्कर्ष योजना) अंतर्गत वर्ष 2026-27 के लिए छग राज्य में स्थित उत्कृष्ट आवासीय शिक्षण संस्थानों के इम्पैनलमेंट के लिए रुचि की अभिव्यक्ति मंगाए गए हैं। इस योजना का उद्देश्य अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के ग्रामीण प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना, उन्हें प्रतिस्पर्धी बनाना तथा बेहतर करियर चयन के लिए अवसर प्रदान करना है। प्रस्ताव जमा करने की अंतिम तिथि 23 अप्रैल अपरान्ह 5 बजे निर्धारित की गई है।

### अग्निवीर भर्ती के लिए आवेदन की अंतिम 10 तक

**मनेन्द्रगढ़।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर द्वारा युवाओं को भारतीय सेना में शामिल होने का अवसर प्रदान किया जा रहा है। भारतीय सेना द्वारा अग्निवीर भर्ती के लिए अधिसूचना जारी की गई है, जिसके तहत इच्छुक एवं योग्य अभ्यर्थी ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। जिला रोजगार अधिकारी कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार अग्निवीर भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि पूर्व में 1 अप्रैल निर्धारित थी, जिसे बढ़ाकर अब 10 अप्रैल कर दिया गया है। इच्छुक अभ्यर्थी भारतीय सेना की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर निर्धारित तिथि तक आवेदन कर सकते हैं।

### मृतकों के परिजन को आर्थिक सहायता स्वीकृत

**मनेन्द्रगढ़।** भरतपुर अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) कार्यालय द्वारा सड़क दुर्घटनाओं में मृत हुए व्यक्तियों के परिजन को आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है। यह कार्रवाई छग शासन के सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के तहत की गई है। जारी आदेश के अनुसार ग्राम जनकपुर निवासी स्वर्गीय जोहनदास के विधिक वारिस एन्थोनीदास (पिता घासीदास) को 25 हजार रूपए की सहायता राशि प्रदान की गई है। इसी प्रकार स्वर्गीय बब्बू यादव (पिता भगवानदीन यादव) की पत्नी फुलमतिया यादव को 25 हजार रूपए तथा स्वर्गीय राहुल (निवासी ग्राम जनकपुर)के पिता संजू को 25 हजार रूपए की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है।

### निःशुल्क प्लेसमेंट कैंप 9 को

**बैकुण्ठपुर।** कोरिया जिला में शिक्षित बेरोजगार युवाओं के लिए रोजगार का अवसर उपलब्ध कराया जा रहा है। जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र द्वारा 9 अप्रैल को बैकुंठपुर में निःशुल्क प्लेसमेंट कैंप का आयोजन किया जाएगा। यह कैंप प्रातः 11 से शाम 4 बजे तक जिला पंचायत के पीछे गढ़ कलेवा के समीप आयोजित होगा।

## बड़ा हादसा टला, पांच दशक पुराने प्रवेश द्वार की स्थिति है जर्जर

# श्रमवीर स्टेडियम के प्रवेश द्वार का हिस्सा गिरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ चरचा कॉलरी

एसईसीएल बैकुंठपुर क्षेत्र के चरचा कॉलरी स्थित ऐतिहासिक श्रमवीर स्टेडियम में सोमवार सुबह एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। स्टेडियम के मुख्य प्रवेश द्वार के ऊपर से अचानक भारी भरकम परत गिरने से इलाके में अफरा-तफरी मच गई। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक गिरा हुआ हिस्सा काफी बड़ा था और यदि उस समय कोई व्यक्ति वहां मौजूद होता तो गंभीर जनहानि हो सकती थी।

घटना के बाद आसपास के लोगों में भय और आक्रोश दोनों देखने को मिला। करीब 50 साल पुराने इस स्टेडियम का प्रवेश द्वार लंबे समय से जर्जर स्थिति में है, लेकिन इसके बावजूद एसईसीएल प्रबंधन ने अब तक इसकी मरम्मत को लेकर कोई ठोस कदम नहीं उठाया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि कई बार इस ओर ध्यान दिलाया गया, लेकिन हर बार अनदेखी ही की गई। सबसे बड़ा सवाल यह उठ रहा है कि जब इसी स्टेडियम में कुछ महीने पहले भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें उच्चाधिकारी और एसईसीएल के सीएमडी भी शामिल हुए और लाखों रूपए खर्च किए गए, तो फिर इस जर्जर प्रवेश द्वार की मरम्मत क्यों नहीं कराई गई। घटना देखी जा रही है। लोगों का कहना है कि स्टेडियम में रोजाना बच्चे, युवा और बुजुर्ग आते हैं, ऐसे में इस तरह का जर्जर ढांचा कभी भी बड़ी दुर्घटना को न्योता दे सकता है। यदि समय रहते ध्यान नहीं दिया गया, तो किसी की जान भी जा सकती है। स्थानीय नागरिकों ने सवाल उठाया है कि आखिर इतने बड़े खतरे के बावजूद जिम्मेदार अधिकारी अब तक क्यों मौन हैं। क्या किसी बड़ी घटना का इंतजार किया जा रहा है। सुरक्षा मानकों की अनदेखी सीधे-सीधे लोगों की जिंदगी से खिलवाड़ है। जानकारी के अनुसार श्रमवीर स्टेडियम की जर्जर स्थिति को लेकर पहले भी कई बार स्थानीय स्तर पर आवाज उठाई जा चुकी है, लेकिन हर बार केवल आश्वासन ही मिला। जमीनी स्तर पर कोई ठोस कार्रवाई नजर नहीं आई। अब क्षेत्रवासियों ने जिला प्रशासन से भी हस्तक्षेप की मांग की है। उनका कहना है कि यदि एसईसीएल प्रबंधन इस ओर ध्यान नहीं देता, तो प्रशासन को आगे आकर जनहित में कार्रवाई करनी चाहिए। स्थानीय लोगों ने स्पष्ट कहा है कि यदि जल्द से जल्द स्टेडियम के प्रवेश द्वार की मरम्मत और पूरे परिसर की सुरक्षा जांच नहीं कराई गई, तो वे आंदोलन का रास्ता अपनाने को मजबूर होंगे। लोगों का कहना है कि अब और इंतजार नहीं, सुरक्षा से समझौता बिल्कुल नहीं।




श्रमवीर स्टेडियम का प्रवेश द्वार।

# दहशतः एमएलए नगर में आवारा कुत्तों का आतंक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

शहर के एमएलए नगर कॉलोनी में इन दिनों आवारा कुत्तों का आतंक बढ़ता जा रहा है, जिससे स्थानीय रहवासी खासे परेशान और भयभीत हैं। कॉलोनी में 10 से 15 कुत्तों के झुंड आए दिन आक्रामक व्यवहार करते हुए राहगीरों, बच्चों और दुपहिया वाहन चालकों पर हमला करने दौड़ते हैं।

स्थानीय लोगों के अनुसार कुत्तों का यह झुंड न केवल लोगों को डराता है, बल्कि बिल्लियों, बकरियों और गाय के बछड़ों पर भी हमला कर रहा है। हालात ऐसे हैं कि कॉलोनी के बच्चे डर के कारण घर से बाहर निकलकर खेलने तक नहीं जा पा रहे हैं। शनिवार सुबह एक बार फिर कुत्तों के झुंड ने एक बछड़े को निशाना बनाया और करीब 10-12 कुत्तों ने उसे बुरी तरह नोच डाला, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर मौजूद रहवासियों ने तत्काल हस्तक्षेप कर कुत्तों को भगाया और घायल बछड़े को प्राथमिक उपचार देने के बाद पशु चिकित्सालय पहुंचाया। रहवासियों का कहना है कि कॉलोनी में आवारा कुत्तों की संख्या लगातार बढ़ रही है और हमले की घटनाएं भी बढ़ते जा रहे हैं। लोगों ने इस गंभीर समस्या को देखते हुए प्रशासन से तत्काल कार्रवाई की मांग की है, ताकि किसी बड़ी जनहानि की घटना से पहले स्थिति पर नियंत्रण किया जा सके।



कुत्तों ने बछड़े पर किया हमला।

# तेज रफ्तार बाइक पेड़ से टकराई कोरियर कंपनी के मैनेजर की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

जिले के चरचा थाना अंतर्गत एक दर्दनाक सड़क हादसे में कोरियर कंपनी के मैनेजर की मौत हो गई।

जानकारी के अनुसार ग्राम प्रकाशपुर थाना सोनहत निवासी संजीव कुमार ने बताया कि वह बी.ए. अंतिम वर्ष का छात्र है और शेडो फैक्स कोरियर कंपनी बैकुंठपुर में डिलीवरी ब्वाय के रूप में कार्यरत है। सजीव ने बताया कि 3 अप्रैल को रात लगभग 9:50 बजे उन्हें फोन पर सूचना मिली कि उनके परिचित का चरचा बस स्टैंड के पास एनएच 43 पर एक्सीडेंट हो गया है। सूचना मिलते ही वह मौके पर पहुंचे, जहां देखा कि उनके साथ काम करने वाले कंपनी के मैनेजर अंगद पासवान अपनी बुलेट मोटरसाइकिल को तेज व लापरवाहीपूर्वक चलाते हुए सड़क किनारे पेड़ से टकरा गए थे। हादसे में अंगद पासवान के सिर, चेहरे और दाहिने हाथ में गंभीर चोटें आई थीं तथा चेहरे से अत्यधिक रक्तस्त्राव हो रहा था। गंभीर चोटों के कारण उनकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना पर पुलिस और स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे, जिनकी मदद से शव को एम्बुलेंस के माध्यम से जिला अस्पताल बैकुंठपुर भेजा गया। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार हादसा तेज गति और लापरवाही से वाहन चलाने के कारण हुआ। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### सड़क हादसे में युवक की मौत अज्ञात वाहन चालक फरार

**बैकुण्ठपुर।** जिले में एक दर्दनाक सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम बड़े आनी निवासी सुगेश टोप्पो ने बताया कि 5 अप्रैल की रात लगभग 9:49 बजे उन्हें ग्राम छोटे आनी निवासी विनोद टोप्पो द्वारा मोबाइल फोन के माध्यम से सूचना मिली कि उनके बड़े भाई उगेश टोप्पो का बाईपास मेन रोड एनएच-43 आनी के पास सड़क दुर्घटना हो गया है। सूचना मिलते ही सुगेश टोप्पो तत्काल घटनास्थल पहुंचे, जहां पता चला कि घायल उगेश टोप्पो को जिला अस्पताल बैकुंठपुर ले जाया गया है, इसके बाद वे जिला अस्पताल पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। परिजन के अनुसार अज्ञात वाहन चालक ने तेज और लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए उगेश टोप्पो को टक्कर मार दी, जिससे उनकी मौके पर ही गंभीर चोटें आइ़ं और बाद में अस्पताल में मृत्यु हो गई। घटना के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है तथा अज्ञात वाहन चालक की तलाश की जा रही है।

### तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से युवक घायल, चालक फरार

**बैकुण्ठपुर।** शहर में एक और सड़क हादसे का मामला सामने आया है, जहां तेज रफ्तार और लापरवाही से चल रही मोटरसाइकिल ने एक युवक को टक्कर मार दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम बोड़ार थाना सोनहत निवासी अजीत कुमार पाठक, जो वर्तमान में केनापारा बैकुंठपुर में रहकर पीआरए कंपनी में कार्यरत हैं। 3 अप्रैल को सूरजपुर से बस द्वारा लौट रहे थे। बताया गया कि शाम लगभग 5:15 बजे नगरपालिका कार्यालय बैकुंठपुर के सामने बस से उतरते ही एक मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी-16 सीआर 8742 के अज्ञात चालक ने तेज व लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए उन्हें टक्कर मार दी। हादसे में अजीत कुमार पाठक सड़क पर गिर पड़े, जिससे उनके कमर, घुटने और गर्दन में चोट आई है। साथ ही उनका मोबाइल फोन भी क्षतिग्रस्त हो गया। घटना के बाद बाइक चालक मौके से फरार हो गया। घटना की सूचना पुलिस को दे दी गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और आरोपी चालक की तलाश जारी है।

# अज्ञात ट्रक की टक्कर से युवक की मौत

**बैकुण्ठपुर।** जिले के चरचा थाना अंतर्गत एक दर्दनाक सड़क हादसे में युवक की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार चिताझोर पोंडी थाना पोंडी निवासी लक्ष्मन गिरी ने बताया कि वह मजदूरी एवं आईसक्रीम बेचने का कार्य करता है। 3 अप्रैल को वह अपने चाचा के बेटे पप्पू गिरी के साथ अलग-अलग मोटरसाइकिल से आईसक्रीम बेचने निकले थे। बताया गया कि लक्ष्मन गिरी नागपुर की ओर आईसक्रीम बेच रहा था, जबकि पप्पू गिरी नगर की ओर गया था। शाम लगभग 7 बजे लक्ष्मन ने पप्पू को फोन कर घर लौटने के बारे में पूछा, जिस पर उसने आधे घंटे में आने की बात कही, लेकिन निर्धारित समय के बाद भी जब पप्पू ने फोन नहीं उठाया, तो लक्ष्मन उसकी तलाश में नगर की ओर गया। नगर रेलवे स्टेशन के पास पहुंचने पर वहां भीड़ लगी थी। मौके पर जाकर देखा तो पप्पू गिरी सड़क पर घायल अवस्था में पड़ा था, जिसके चेहरे, सिर, हाथ-पैर सहित शरीर के कई हिस्सों में गंभीर चोटें थीं और उसकी मौके पर ही मौत हो चुकी थी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार एक अज्ञात ट्रक चालक ने तेज गति और लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए पप्पू गिरी को टक्कर मार दी, जिससे उसकी मौत हो गई।

घटना के बाद चालक मौके से फरार हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से शव को एम्बुलेंस के माध्यम से जिला अस्पताल बैकुंठपुर भेजा गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है और अज्ञात ट्रक चालक की तलाश जारी है।

# श्याम कथा से गूंजा कोयलांचल शिवपुर चरचा

हरिभूमि न्यूज ⏭ चरचा कॉलरी

■ सैकड़ों महिलाओं की कलश यात्रा बनी आकर्षण का केन्द्र

कोयलांचल क्षेत्र के शिवपुर चरचा स्थित हनुमान मंदिर प्रांगण में सोमवार को भव्य श्याम कथा का आयोजन श्रद्धा और भक्ति के वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में क्षेत्रभर से काफी संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही, जिससे पूरा क्षेत्र भक्तिमय माहौल में सराबोर हो गया।

कार्यक्रम की शुरूआत सुबह 11:00 बजे कलश यात्रा से हुई, जिसमें सैकड़ों महिलाओं ने पीले वस्त्र धारण कर उत्साहपूर्वक भाग लिया। हनुमान मंदिर से निकली यह शोभायात्रा मुख्य मार्ग से होते हुए छठघाट पहुंची, जहां विधिवत जल भरकर पुनः मंदिर प्रांगण में कलश स्थापना की गई। पूरे मार्ग में जयकारों और भक्ति गीतों से वातावरण गूंजायमान रहा। शाम 5 बजे से श्याम कथा का शुभारंभ हुआ। इसमें चित्रकूट से पधारे कथा व्यास अजय कृष्ण ने अपनी ओजस्वी वाणी से श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया। कथा के दौरान भगवान श्याम की महिमा का गुणगान किया गया, जिसे सुनकर श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे। इस आयोजन में शहडोल से आए शुभम गुप्ता, मनेन्द्रगढ़ से स्नेहा अग्रवाल एवं अनामिका खरे की विशेष उपस्थिति रही, जिन्होंने कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। रात्रि 8 बजे आरती के पश्चात प्रसाद वितरण किया गया, जिसके साथ ही कार्यक्रम का समापन हुआ। कार्यक्रम के सफल आयोजन में स्थानीय समिति एवं श्रद्धालुओं का विशेष योगदान रहा। आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि श्याम कथा का उद्देश्य क्षेत्र में धार्मिक जागरूकता बढ़ाना और लोगों को आध्यात्मिक मार्ग से जोड़ना है। पूरे आयोजन के दौरान व्यवस्थाएं सुचारू रूप से संचालित की गईं।

कलश यात्रा से लेकर कथा और प्रसाद वितरण तक स्वयंसेवकों ने सक्रिय भूमिका निभाई। सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए भी आवश्यक प्रबंध किए गए, जिससे श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा का सामना नहीं करना पड़ा। श्रद्धालुओं ने बताया कि इस प्रकार के धार्मिक आयोजन न केवल आस्था को मजबूत करते हैं, बल्कि सामाजिक एकता और आपसी भाईचारे को भी बढ़ावा देते हैं। काफी संख्या में उपस्थित महिलाओं, युवाओं और बुजुर्गों की सहभागिता ने यह सिद्ध कर दिया कि क्षेत्र में धार्मिक आयोजनों के प्रति लोगों में गहरी आस्था है। आयोजन समिति ने अंत में सभी श्रद्धालुओं, सहयोगियों एवं अतिथियों का आभार व्यक्त किया और भविष्य में भी इसी तरह के भव्य धार्मिक कार्यक्रम आयोजित करने की बात कही।





# उर्वरक जमाखोरी व कालाबाजारी पर सख्ती

## जिला स्तरीय उड़नदस्ता दल का किया गया गठन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

छग शासन कृषि विकास एवं किसान कल्याण तथा जैव प्रौद्योगिकी विभाग, महानदी भवन नया रायपुर के निर्देशों के परिपालन में कोरिया जिला में उर्वरकों की जमाखोरी एवं कालाबाजारी पर रोक लगाने के लिए जिला स्तरीय उड़नदस्ता दल का गठन किया गया है।

यह कार्रवाई जिले में किसानों को निर्धारित दर पर उर्वरकों की सुचारू उपलब्धता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से की गई है। विभाग द्वारा उर्वरक विक्रय केन्द्रों का सतत निरीक्षण कर अनियमितताओं पर कड़ी नजर रखने के निर्देश दिए गए हैं। गठित उड़नदस्ता दल में उप संचालक कृषि के नेतृत्व में सहायक संचालक कृषि, अनुविभागीय कृषि अधिकारी तथा वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारियों को शामिल किया गया है।

दल के सदस्य जिले के विभिन्न क्षेत्रों, विशेष रूप से बैकुंठपुर एवं सोनहत अनुभाग में नियमित निरीक्षण करेंगे। उड़नदस्ता दल का मुख्य उद्देश्य उर्वरकों के भंडारण, वितरण एवं विक्रय की निगरानी करना, निर्धारित मूल्य से अधिक दर पर बिक्री रोकना तथा किसी भी प्रकार की जमाखोरी या कालाबाजारी की शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई करना है।

कृषि विभाग ने स्पष्ट किया है कि यदि किसी विक्रेता द्वारा अनियमितता पाई जाती है तो उसके विरुद्ध नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही किसानों से भी अपील की गई है कि वे उर्वरक खरीदते समय रसीद अवश्य लें और किसी भी प्रकार की शिकायत होने पर तत्काल संबंधित अधिकारियों को सूचित करें। सहायक संचालक को संपूर्ण जिले की जिम्मेदारी दी गई है।

### निर्माण कार्यों में लापरवाही पर होगी सख्त कार्रवाई

**बैकुण्ठपुर।** कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित समय-सीमा बैठक में जिले में संचालित विभिन्न योजनाओं, कार्यक्रमों एवं लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि अधिकारी केवल कार्यालय तक सीमित न रहें, बल्कि फील्ड में जाकर योजनाओं की वास्तविक स्थिति का जायजा लें। बैठक में कलेक्टर ने धान उठाव की प्रगति की समीक्षा करते हुए खाद्य एवं मार्कफेड अधिकारियों से जानकारी ली। धान उठाव की धीमी गति पर नाराजगी जताते हुए उन्होंने इस कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए।

# ब्लैक स्पॉट सुधार के साथ ट्रैफिक व्यवस्था सुदृढ़ करें

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में सोमवार को कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्रीमती चंदन त्रिपाठी की अध्यक्षता तथा पुलिस अधीक्षक रवि कुमार कुर्रे की उपस्थिति में सड़क सुरक्षा समिति, कानून व्यवस्था एवं नार्को को-ऑर्डिनेशन सेंटर (एनकार्ड) जिला स्तरीय समिति की संयुक्त बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले में बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं, ट्रैफिक प्रबंधन, नशा नियंत्रण एवं कानून व्यवस्था को लेकर विस्तार से समीक्षा की गई और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक के दौरान कलेक्टर ने सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण के लिए जिले के चिन्हित ब्लैक स्पॉट्स पर त्वरित सुधार कार्य कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जहां-जहां दुर्घटनाओं की संभावना अधिक है, वहां स्पीड कंट्रोल के लिए संकेतक बोर्ड, रिफ्लेक्टर, स्पीड ब्रेकर एवं हाईमास्ट लाइट की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। साथ ही राष्टीय एवं राज्य राजमार्गों पर दुर्घटनाजन्य क्षेत्रों में चेतावनी संकेत, अंधे मोड़ों पर विशेष संकेतक तथा गति सीमा के बोर्ड पर्याप्त संख्या में लगाए जाएं। सड़कों के निर्माण से जुड़े विभागों को तीव्र मोड़ों के सुधार एवं आवश्यक सुरक्षा उपाय तत्काल लागू करने के निर्देश भी दिए गए। कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने सड़कों पर घूम रहे आवारा पशुओं से होने वाली दुर्घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए उनके उचित प्रबंधन के निर्देश दिए। आम नागरिकों को सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति जागरूक करने पर विशेष जोर देते हुए हेलमेट एवं सीट बेल्ट के अनिवार्य उपयोग, सीमित गति में वाहन चलाने तथा नशे की हालत में वाहन न चलाने की अपील की गई।

सरगुजा मार्केट

रायपुर के सुप्रसिद्ध मस्तिष्क रोग विशेषज्ञ
डॉ.आशु जैन
MBBS, M.S., M.ch Neurologist
दिनांक 05 अप्रैल, दिन रविवार
एसआरएस हॉस्पिटल 10 बजे से 2 बजे तक
सीटी हॉस्पिटल नमनाकला, अम्बिकापुर 12 बजे से 1 बजे तक
गायत्री हॉस्पिटल 3 बजे से 7 बजे तक

डॉ. तुषार जैन
M.B.B.S.,M.D.(पल्मोनरी मेडिसीन)
श्वॉस, एलर्जी, छाती, निद्रा एवं टी.बी. रोग विशेषज्ञ
ब्लड प्रेशर, डायबीटिज, कोरोना एवं स्वाइन फ्लू के पश्चात होने वाली समस्याओं का परामर्श एवं निदान
डॉ.दीपक अग्रवाल (हड्डी रोग विशेषज्ञ)
एम.बी.बी.एस, डी, आर्थो. (एफ.पी.ओ.)
सभी जोड़ों से संबंधित मरीज तथा बच्चों की जन्मजात हड्डी रोग
दिनांक :- 12 अप्रैल 2026, रविवार
सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक
निशांत मेडिकोज
देवीगंज रोड अम्बिकापुर सरगुजा (छ.ग.)
पंजीयन हेतु फोन नं.- 7354260555

डॉ विकास अग्रवाल
Laparoscopic and Organ Preserving Surgeries
दिनांक - 18 अप्रैल 2026, शनिवार, समय - सुबह 9 बजे से 12 बजे तक
डॉ भाविक शाह
पेट और आंत रोग विशेषज्ञ
हर महीने के (चौथा रविवार)
डॉ संजय अग्रवाल
पेट और आंत रोग विशेषज्ञ
हर महीने के (दूसरा रविवार)
डॉ अमित मुखर्जी
स्पाइन और ब्रेन सर्जरी
हर महीने के चौथे रविवार
डॉ.फिरदौसी हॉस्पिटल
MULTI SPECIALITY SURGICAL HOSPITAL
खरसिया नाका, अम्बिकापुर (जिला-सरगुजा)
7869900888 (O.P.D.) 8225888500 (Hospital), 7240802000

गुप्त रोग
का 100% शर्तिया ईलाज
गुप्त रोग, नामर्दी, नपुंसकता, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन, सिफलिस गनौरिया सभी प्रकार के गुप्त रोगों की आयुर्वेदिक दवा द्वारा शर्तिया ईलाज किया जाता है।
लिंग वर्धक यंत्र भी उपलब्ध
बिना आपरेशन के
अण्डकोष, बवासीर, भगंदर
का गारंटी के साथ आयुर्वेदिक दवा द्वारा ईलाज
25 साल से स्थायी
संपर्क - विश्वास औषधालय
बिलासपुर रोड, लक्ष्मीपुर शास.स्कूल के पास
अम्बिकापुर- मोबा. 7898942870
समय- सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक

संभाग के एकमात्र डाइबिटीज थाइरायड इंडोक्रिनोलॉजिस्ट अब अम्बिकापुर में
डॉ.संजीत जायसवाल
MD, DM (Endocrinologist)
डाइबिटीज, थाइराइड, मोटापा, माहवारी में समस्या, नपुंसकता, निःसंतानता, हाई बीपी, कोलेस्ट्राल की समस्या, हड्डियों की कमजोरी एवं टेढ़ापन, छोटे कद की समस्या के लिये परामर्श हेतु उपलब्ध
दिनांक - 12 अप्रैल, 2026, रविवार
नोट :- डॉ प्रत्येक माह के पहले रविवार को उपलब्ध रहेंगे।
संपर्क- विद्या डायग्नोस्टिक एण्ड सुपर स्पेशलिटी सेंटर पारस हाइट्स गेंदू बाड़ी, सी.एम.ओ. ऑफिस के बगल में दर्रीपारा, अम्बिकापुर
अग्रिम पंजीयन के लिए 7587722255 पर सम्पर्क करें।

TOP IN SURGUJA

क्या आप भी परेशान हैं इन सब से ?
• फ्रैक्चर का आपातकालीन एवं सर्जिकल ईलाज
• उठने बैठने में तकलीफ
• जमीन पर बैठने में दिक्कत होना
• घुटनों में सूजन होना
• कंधे की ताकत कम होना
• कूल्हा एवं घुटना जोड़ प्रत्यारोपण
• सुबह जोड़ों में अकड़न होना
• चलने फिरने में दर्द
गायत्री हॉस्पिटल
MULTISPECIALITY HOSPITAL
CREATING HEALTHY TOMORROW
CGHS से मान्यता प्राप्त
कम खर्च में ईलाज सर्वसुविधा युक्त के साथ ईलाज
बनारस रोड, पी.जी. कॉलेज मैदान के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.)
| 9424250281 | 8120906000 | 8120809000 |
सरगुजा संभाग के एकमात्र joint रिप्लेसमेंट सर्जन अब आपके शहर अम्बिकापुर के गायत्री हॉस्पिटल में
डॉ. हरप्रीत सिंह छाबड़ा
MBBS, MS Ortho, FIJR
Lilavati Hospital Mumbai
Orthopedic trauma And Joint Replacement Surgeon
सुबह 11.00 बजे से 3.00 बजे तक
शाम 6.00 बजे से 8.00 बजे तक

UGC, DEB एवं छत्तीसगढ़ शासन द्वारा मान्यता प्राप्त MATS UNIVERSITY (MCDOE) रायपुर का एकमात्र अधिकृत केंद्र
VC INSTITUTE
A COMPLETE CAREER SOLUTION
शिक्षकों एवं सरकारी कर्मचारियों की पदोन्नति तथा पढ़ाई छोड़ चुके छात्रों के लिए दूरवर्ती शिक्षा के माध्यम से प्रवेश प्रारंभ...
स्नातकोत्तर (PG) कोर्सेस: M.Sc (Chemistry, Maths), M.A (English, Education, हिन्दी), M.Com, MSW, M.Lib, MBA, MCA, B.Lib, PGDCA
स्नातक (UG) कोर्सेस: B.Sc (ZBC), B.A, B.Com BCA, BBA, DCA
P.HD ENTRANCE EXAM के लिए फॉर्म भरे जा रहे हैं
पता: आकाशवाणी चौक, अशोका रेस्टोरेंट (पुराना रोजगार कार्यालय) के बगल वाली गली, अंबिकापुर, सरगुजा
संपर्क: 7222980129, 9479235154

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकिज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
• हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग
• त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मानसिक रोग
• मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग
• किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड
• अस्थमा • मोटापा • मांसपेशी का रोग
• मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त

## खबर संक्षेप

### रविंद प्रताप सिंह ने ग्रहण किया शंकरगढ़ थाना प्रभारी का पदभार



**शंकरगढ़।** क्षेत्र की कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से शंकरगढ़ थाना में नए प्रभारी के रूप में उपनिरीक्षक रविंद्र प्रताप सिंह ने पदभार ग्रहण कर लिया है। पदभार संभालते ही उन्होंने थाना क्षेत्र के लंबित प्रकरणों के शीघ्र निराकरण को अपनी प्राथमिकता बताया। नव पदस्थ थाना प्रभारी रविंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखना, अपराधों पर नियंत्रण करना तथा आम नागरिकों की समस्याओं का त्वरित समाधान करना उनकी प्रमुख जिम्मेदारी होगी। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि थाने में लंबित मामलों की समीक्षा कर उन्हें जल्द से जल्द निपटाने की दिशा में ठोस कार्रवाई की जाएगी।

### रौनियार समाज ने हर्षोल्लास पूर्वक मनाई महर्षि कश्यप की जयंती



**दरिमा।** रौनियार समाज द्वारा महर्षि कश्यप की जयंती हर्षोल्लास पूर्वक मनाई गई। इस अवसर पर रौनियार समाज के सदस्यों ने परिवार के साथ श्रद्धापूर्वक महर्षि कश्यप की पूजा-अर्चना की और एकजुट होकर अच्छी भावना से समाज के लोगों की मदद करने का संकल्प लिया। लोगों ने समाज की बुराईयों व दहेज प्रथा व आपसी क्लेश आदि को हटाने तथा शिक्षा के विस्तार सहित अन्य सामाजिक मुद्दों पर विचार-विमर्श किया। बैठक का संचालन अध्यक्ष मनोज गुप्ता ने किया। प्रसाद वितरण सपरिवार भोजन उपरांत कार्यक्रम का समापन किया गया।

### खंड चिकित्सा अधिकारी ने किया एचपीवी टीकाकरण का शुभारंभ



**प्रतापपुर।** खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. अजीत कुमार दीवान द्वारा एचपीवी टीकाकरण का शुभारंभ किया गया। एचपीवी की वैक्सीन गार्डासिल 4 राज्य शासन द्वारा प्रदान की गई है जो की सर्वाइकल कैंसर से रक्षा करता है। यह टीका पूर्णत सुरक्षित है और टीका अभी उन बच्चों को लगाया जा रहा है जिन्होंने अपना 14वां जन्मदिन मना लिया है और 15वां जन्मदिन नहीं मनाया है। टीका सिर्फ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रतापपुर में लगाया जा रहा है। खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. अजीत कुमार दीवान ने सभी अभिभावकों से अपने बच्चों का टीकाकरण कराने की बात कही है। इस दौरान डॉ. निमेष दुबे, सतीश श्रीवास्तव, राजेश वर्मा, गंगाराम, सज्जू राम, सत्यनारायण सिंह, सुदामा पैकरा, श्रीमती प्रणति विश्वास, श्रीमती निलमा अम्बष्ट, राजलक्ष्मी सिकदार, भलेरिया लकड़ा, करुणा मंडल, स्नेह लता भगत, अमर शीला, रश्मि तिर्की, शशि कला बेक, विनीत खरे, राज़ा, हिरा साय, बालमुनी, रामबिलाश, सुनील साह, शकुंतला ठाकुर, आसमा, पार्वती नाविक सहित अनय उपस्थित थे।

### भारतीय जनता पार्टी का मनाया गया स्थापना दिवस



**रामानुजगंज।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा भाजपा जिला कार्यालय में भाजपा का स्थापना दिवस मनाया गया। भारतीय जनता पार्टी के प्रथम अध्यक्ष देश के पूर्व प्रधानमंत्री श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री काका लरंगसाय के प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित मल्यार्पण कर उन्हें याद कर नमन किया। स्थापना दिवस पर भाजपा जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश जायसवाल ने कहा की राष्ट्र प्रथम, अंत्योदय का संकल्प और सेवा ही संगठन के मूल मंत्र पर चलने वाले विश्व के सबसे बड़े राजनीतिक दल भारतीय जनता पार्टी है। भाजपा जिला महामंत्री भानुप्रकाश दीक्षित ने हुए कहा कि भाजपा के प्रत्येक कार्यकर्ता राष्ट्रवाद की भावना से ओत-प्रोत होकर भारत को सशक्त, समृद्ध एवं आत्मनिर्भर राष्ट्र बनाने हेतु पूर्ण समर्पण और निष्ठा के साथ कर्मशील है। प्रदेश कार्यसमिति सदस्य गोपाल कृष्ण मिश्रा, भाजपा जिला उपाध्यक्ष अजीत सिंह, भाजपा नेता बंशीधर गुप्ता, नगर पालिका अध्यक्ष लोधीराम एक्का ने भी संबोधित किया। इस दौरान अजय गुप्ता, दिलीप सोनी, मुकेश गुप्ता, जितेंद्र श्रीवास्तव, गौतम सिंह, अजय यादव, विजय प्रताप सिंह, गुरुदेव सिंह, प्रवीण गुप्ता, राकेश सिंह सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

### पर्यटन स्थल केनापारा में घूमने आई युवती ने पी ली कीटनाशक दवा, गंभीर

**बिश्रामपुर।** पर्यटन स्थल केनापारा में घूमने आई एक युवती ने अज्ञात कारणों से कीटनाशक दवा पी है। युवती को प्राथमिक उपचार के बाद अंबिकापुर अस्पताल रेफर कर दिया गया है। गौरतलब है कि लखनपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम अमदला निवासी करीब 22 वर्षीय सुप्रिया पिता आलम दास सोमवार को केनापारा पर्यटन स्थल में घूमने आई थी। यहां पर युवती ने पर्यटन स्थल के दो नंबर तंबू के पास अज्ञात कारणों से कीटनाशक दवा पी ली। पर्यटन स्थल के कर्मचारियों की सूचना पर जयनगर पुलिस तत्काल मौके पर पहुंचकर युवती को गंभीर हालत में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बिश्रामपुर में ले जाकर भर्ती कराया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने युवती को अंबिकापुर रेफर कर दिया है। युवती ने किस कारण से कीटनाशक दवा पी है वह फिलहाल स्पष्ट नहीं हो सका है।

#### सीजीएमएससी द्वारा लगाई जा रही थी लिफ्ट

# आईसीयू भवन की नींव मजबूत नहीं होने से अधर में लटकी लिफ्ट लगाने की योजना

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

मेडिकल कॉलेज अस्पताल के आईसीयू में लिफ्ट की योजना उस समय अधर में अटक गई जब सीजीएमसी द्वारा भवन में लिफ्ट के लिए जगह चिन्हांकित किया तो पता चला कि भवन का नींव मजबूत नहीं है। ऐसे अब सीजीएमसी द्वारा लिफ्ट लगाने के लिए दूसरा विकल्प की तलाश शुरू कर दी है। भवन के तीसरी मंजीत स्थित मेडिकल आईसीयू में मरीज को लाने तथा ले जाने में हो रही परेशानी के मद्देनजर भवन में लिफ्ट लगाई जा रही थी। ऐसे में मेडिकल कॉलेज अस्पताल के आईसीयू में लिफ्ट की सुविधा के लिए इंतजार करना पड़ सकता है।

**खास बात**

- भवन के सामने वाले हिस्से को किया गया था चिन्हांकित

मेडिकल कॉलेज अस्पताल में निजी अस्पताल की भांति एसईसीएल की सहयोग व लाखों की लागत से आपात कालीन के सामने स्थित भवन में 40 बिस्तरीय दो आईसीयू संचालित है। ग्राउंड फ्लोर पर जहां 20 बिस्तरीय सर्जिकल आईसीयू है जबकि तीसरी मंजिल में 20 बिस्तरीय मेडिकल आईसीयू संचालित है। अस्पताल में आईसीयू की सुविधा शुरू हुए कई साल हो गए बावजूद इसके आज तक लिफ्ट की सुविधा उपलब्ध नहीं हो सकी। हालांकि अस्पताल प्रबंधन द्वारा समाज कल्याण विभाग की मदद से लिफ्ट लगाने की योजना बनाई थी परंतु समाज कल्याण विभाग द्वारा केवल दिव्यांगों के लिए सहयोग की जाती है जिस कारण समाज कल्याण विभाग ने आईसीयू में लिफ्ट लगाने में सहयोग करने से इंकार कर दिया था। जिसके बाद प्रबंधन द्वारा सीजीएमसी पत्र लिखकर लिफ्ट के लिए प्रस्ताव बनाकर भेजा था। प्रबंधन द्वारा आईसीयू में लिफ्ट के लिए लंबे समय से मांग की रही है। इसके बाद सीजीएमसी द्वारा आईसीयू में लिफ्ट लगाने के लिए जगह का चिन्हांकन किया। भवन के सामने वाले हिस्से को लिफ्ट लगाने के लिए चिन्हांकित स्थल की खुदाई कराई तो पता चला की भवन का नीव उतना मजबूर नहीं है कि लिफ्ट का भार सह सके। ऐसे में अब सीजीएमसी द्वारा भवन में लिफ्ट लगाने के लिए दूसरा विकल्प की तलाश शुरू कर दी है। लंबे समय से आईसीयू में लिफ्ट की आवश्यकता महसूस की जा रही है लेकिन भवन के नीव मजबूत नहीं होने से अब आईसीयू भवन में लिफ्ट लगाने की योजना अधर में लटकता नजर आ रहा है।



लिफ्ट के लिए चिन्हांकित जगह।

### रैम्प के सहारे ले जाते है मरीज

आईसीयू भवन में एक भी लिफ्ट की सुविधा उपलब्ध नहीं होने से मरीज सहित परिजन को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। आईसीयू वार्ड में दाखिल मरीजों को कई बार विभिन्न प्रकार के जांच के लिए वार्ड से बाहर ले जाना पड़ता है ऐसी स्थिति में तीसरी मंजिल से रैम्प का सहारा लाने ले जाने से मरीज सहित परिजन को काफी दिक्कत उठानी पड़ती है। हालांकि प्रबंधन की मांग पर आईसीयू भवन में सीजीएमसी द्वारा लिफ्ट लगाई जा रही थी लेकिन भवन काफी पुराना और नींव कमजोर होने के कारण लिफ्ट लगाने का काम शुरू नहीं हो सका। अब नए विकल्प का इंतजार है।

#### मरीजों के लिए खतरा

आईसीयू में अमूमन गंभीर ही दाखिल होते है जिसने लिए एक मिनट भी काफी कीमती होता है। ऐसे में मरीज को समय रहते वार्ड में दाखिल नहीं किया गया तो मरीज की जान भी जा सकती है। सर्जिकल आईसीयू भवन के ग्राउंड फ्लोर में में होने से सर्जिकल मरीजों को दाखिल कराने में ज्यादा दिक्कत नहीं होती लेकिन मेडिकल आईसीयू के भवन के तीसरी मंजिल में होने तथा रैम्प के सहारे गंभीर को लाने ले जाने से मरीज के लिए खतरनाक होता हैं। चिकित्सकों की माने तो स्ट्रेचर के सहारे रैम्प पर मरीज को लाने ले जाने के दौरान सुरक्षा नहीं बरती गई तो मरीज के लिए खतरनाक साबित हो सकता है।

#### तलाश रहे दूसरा विकल्प

मेडिकल कॉलेज अस्पताल के आईसीयू भवन में सीजीएमसी द्वारा लिफ्ट लगाया जा रहा है। लिफ्ट के लिए जो जगह चिन्हांकित किए थे और वहां खुदाई कराने पर पता चला की नींव कमजोर है जिस कारण लिफ्ट नहीं लगा है। भवन में लिफ्ट लगाने के लिए सीजीएमसी द्वारा दूसरा विकल्प तलाश रहे है।

-डॉ. आरसी आर्या
अस्पताल अधीक्षक

## एटक के छठवें राज्य सम्मेलन में श्रमिक हितों पर चर्चा



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

छत्तीसगढ़ के श्रमिक आंदोलन को नई दिशा देने का महत्वपूर्ण निर्णय दल्लीराजहरा में आयोजित एटक ऑल इंडिया ट्रेड यूनियन कांग्रेस के छठवें राज्य सम्मेलन में हूआ, जहां सर्वसम्मति से अजय विश्वकर्मा को छत्तीसगढ़ राज्य का अध्यक्ष चुना गया, दिनांक 4 व 5 अप्रैल को दल्लीराजहरा में आयोजित इस दो दिवसीय सम्मेलन प्रदेशभर से आए श्रमिक प्रतिनिधियों की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ।

- कोयलांचल बिश्रामपुर के अजय विशवकर्मा चुने गये छत्तीसगढ़ अध्यक्ष

सम्मेलन में एटक की राष्ट्रीय महासचिव अमरजीत कौर मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहीं,उनके मार्गदर्शन में हुए इस सम्मेलन में न केवल संगठनात्मक मजबूती पर चर्चा हुई,बल्कि श्रमिकों के भविष्य से जुड़े अहम मुद्दों पर भी गहन मंथन किया गया,नवनिर्वाचित अध्यक्ष अजय विश्वकर्मा ने अपने संबोधन में प्रदेश के असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों की स्थिति को बेहद चिंताजनक बताया,उन्होंने कहा कि आज भी लाखों श्रमिक लंबे काम के घंटे, कम वेतन, स्वास्थ्य सुविधाओं की कमी और सामाजिक सुरक्षा के अभाव से जूझ रहे हैं,उन्होंने स्पष्ट किया कि इन समस्याओं को लेकर अब सिर्फ चर्चा नहीं,बल्कि व्यापक और निर्णायक संघर्ष किया जाएगा,उन्होंने केंद्र सरकार द्वारा लागू किए गए चार लेबर कोड बिलों को लेकर भी गंभीर चिंता व्यक्त की,उन्होंने कहा कि इन नए कानूनों से मजदूर वर्ग के सामने नई चुनौतियां खड़ी होंगी,श्रम कानूनों में बदलाव, बढ़ता निजीकरण, ठेका प्रथा का विस्तार और रोजगार की असुरक्षा जैसे मुद्दे आने वाले समय में और गहराएंगे। उन्होंने जोर देकर कहा कि मजदूरों के अधिकारों की रक्षा के लिए अब प्रदेशभर में एकजुट और संगठित आंदोलन की जरूरत पहले से कहीं ज्यादा बढ़ गई है। सम्मेलन के दौरान भावनात्मक रूप से एसकेएमएस एटक के अध्यक्ष और महासचिव द्वारा एक लाख रुपए का चेक संघर्ष फंड के रूप में अमरजीत कौर को सौंपा गया। यह सहयोग श्रमिकों की लड़ाई को और मजबूती देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। इस सम्मेलन ने स्पष्ट किया है कि छत्तीसगढ़ में श्रमिक आंदोलन अब नई ऊर्जा और रणनीति के साथ आगे बढ़ेगा।

## रेलवे मजदूर कांग्रेस की सहायक मंडल अभियंता के साथ बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

साउथ ईस्ट सेंट्रल रेलवे मजदूर कांग्रेस शाखा करंजी द्वारा अपने क्षेत्र के रेल कर्मचारियों की विभिन्न समस्याओं को लेकर सहायक मंडल अभियंता मनेंद्रगढ़ अजय गुप्ता के साथ सोमवार को उनके कार्यालय में बैठक आयोजित हुई।

- रेल कर्मचारियों की विभिन्न समस्याओं के निराकरण पर हुई चर्चा



बैठक में जोनल कार्यकारी अध्यक्ष लक्ष्मण राव, शाखा प्रभारी एवं अतिरिक्त संयुक्त महामंत्री राजेश खोपरागड़े, शाखा सचिव पप्पू सिंह अभिलाषा कुमार, आलोक कुमार, सीनियर सेक्शन इंजीनियर अंबिकापुर ए.के गुप्ता तथा वरिष्ठ कार्यालय अधीक्षक अप्पा राव सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान बैकुंठपुर, विश्रामपुर, सूरजपुर, नगर एवं शिवप्रसाद नगर की रेलवे कॉलोनियों में पानी, सड़क, आवासों की मरम्मत एवं सनशेड लगाने जैसे मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। इसके अलावा बैकुंठपुर और बिश्रामपुर में कोल डस्ट की समस्या के समाधान हेतु ठोस कार्रवाई करने का निर्णय लिया गया। साथ ही अंबिकापुर और बैकुंठपुर में चिल्ड्रन पार्क की सुविधाओं को बढ़ाने एवं उन्हें व्यवस्थित करने पर भी सहमति बनी।

### महुआ बीनने पर ग्रामीण के साथ मारपीट

**अम्बिकापुर।** महुआ बिन रहे ग्रामीण को गांव के ही एक व्यक्ति ने पेड़ को अपना बता कर जमकर पिटाई कर दी। रिपोर्ट पर पुलिस ने अपराध दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार लखनपुर थाना अंतर्गत ग्राम खालकछार निवासी जगनंदन सिंह आ. दरोगा सिंह अपने हिस्से का महुआ बिन रहा था। इसी दौरान गांव केही पिताम्बर सिंह मौके पर पहुंचा और पेड़ को अपना बता कर महुआ बीनने से मना किया जिससे दोनों के बीच विवाद हो गया। विवाद बढ़ जाने पर पीताम्बर ने जगनंदन की डंडे से जमकर पिटाई कर दी। रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध धारा 115(2), 296(बी), 351(3) के तहत अपराध दर्ज किया है।

## भाजपा के स्थापना दिवस पर ध्वजारोहण, संगठन की मजबूती का लिया संकल्प




**अंबिकापुर।** भाजपा के स्थापना दिवस के अवसर पर संकल्प भवन में उत्साहपूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत भाजपा ध्वज फहराकर की गई।

कार्यक्रम के प्रारंभ में कार्यकर्ता पं.दीनदयाल चौक पहुँचे तथा उनकी प्रतिमा की साफ-सफाई कर पुष्पांजलि अर्पित की। स्थापना दिवस पर कार्यालय परिसर को आकर्षक तरीके से सजाया गया तथा महिला कार्यकर्ताओं ने रंगोली बनाई। कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर स्थापना दिवस मनाया। कार्यालय में आयोजित सभा को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया ने कहा कि भाजपा की स्थापना केवल एक राजनीतिक दल के रूप में नहीं, बल्कि राष्ट्र सेवा के संकल्प के रूप में हुई थी। उन्होंने दीनदयाल उपाध्याय, श्यामा प्रसाद मुखर्जी ,अटल बिहारी बाजपेयी सहित पार्टी के लिए सर्वस्व न्योछावर करने वाले महापुरुषों के आदर्शों का स्मरण करते हुए कहा कि पार्टी आज उन्हीं विचारों पर चलते हुए देश को विकास की नई ऊँचाइयों पर ले जा रही है। भाजपा केवल एक राजनीतिक दल नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण का एक सशक्त माध्यम है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने और सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को हर घर तक पहुँचाने का आह्वान किया। महापौर मंजूषा भगत ने में कहा कि भाजपा का मूल उद्देश्य सेवा, सुशासन और विकास है। कार्यकर्ता ही पार्टी की असली ताकत हैं, जिनके समर्पण से संगठन निरंतर आगे बढ़ रहा है। नगर निगम अध्यक्ष हरमिंदर सिंह टिन्नी ने कहा कि भाजपा का इतिहास संघर्ष, समर्पण और राष्ट्रभक्ति से भरा हुआ है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से संगठन की विचारधारा को जन-जन तक पहुँचाने और विकास के कार्यों में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया। पार्षद एवं एमआईसी सदस्य मनीष सिंह तथा वरिष्ठ सावित्री जायसवाल ने भी अपना विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री अरुणा सिंह एवं जिला उपाध्यक्ष मधुसूदन शुक्ला ने आभार प्रदर्शन किया। इस दौरान विकास पांडेय, मधु चौदहा, श्वेता गुप्ता, जनमेजय मिश्रा, मनोज कंसारी, शुभांगी बिहाड़े, निशांत सिंह, बबली नेताम, निश्चल प्रताप सिंह, शैलू सिंह आदि उपस्थित थे।



### हर्षोल्लास के साथ मनाया गया भाजपा का स्थापना दिवस

**लखनपुर।** भारतीय जनता पार्टी का स्थापना दिवस नवीन सामुदायिक भवन में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सर्वप्रथम ध्वजारोहण के साथ किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि एवं जिला अध्यक्ष भरत सिंह सिसोदिया ने भारतीय जनता पार्टी के इतिहास, संगठन की विचारधारा एवं केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं पर विस्तारपूर्वक प्रकाश डाला। मंडल अध्यक्ष दिनेश बारी ने पार्टी के इतिहास एवं विकास यात्रा का उल्लेख किया। जिला उपाध्यक्ष दिनेश साहू ने सरकार की उपलब्धियों एवं विकास कार्यों पर अपने विचार रखे। कार्यक्रम में नपं पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सावित्री साहू, पूर्व मंडल अध्यक्ष श्रीमती रजनी पैकरा एवं बृजकिशोर पांडे ने आभार व्यक्त किया। इस दौरान नीलेश सिंह, मनोज अग्रवाल, कामेश्वर राजवाड़े, गीता राजवाड़े, राहुल अग्रवाल, सचिन अग्रवाल, महेश्वर राजवाड़े सहित पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### भाजपा शिवनंदनपुर मंडल में मना स्थापना दिवस

**बिश्रामपुर।** भाजपा का स्थापना दिवस शिवनंदनपुर मंडल के नगर पंचायत तलवापारा स्थित मंजीत भामरा के निवास में हर्षोल्लास व उत्साह के साथ मनाया गया।आयोजन मंडल अध्यक्ष हरीश राजवाड़े के नेतृत्व में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा जिला सूरजपुर के प्रभारी शिवनाथ यादव, जिलाध्यक्ष मुरली मनोहर सोनी,अजय गोयल,अशोक अग्रवाल, बिश्रामपुर नगर पंचायत उपाध्यक्ष दीपेंद्र सिंह चौहान सहित अन्य गणमान्य अतिथि मौजूद रहे। मुख्य अतिथि शिवनाथ यादव ने पार्टी के स्थापना दिवस के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। वहीं पूर्व जिलाध्यक्ष अजय गोयल ने स्थापना दिवस से जुड़े विभिन्न कार्यों की जानकारी दी। जिलाध्यक्ष मुरली मनोहर सोनी ने संगठन को मजबूत बनाने पर जोर देते हुए पार्टी की विचारधारा और स्थापना दिवस की जानकारी साझा की। इस अवसर पर देवधन राम बिंझिया, राजेश्वर तिवारी, रितेश जायसवाल, कृष्ण गोयल बल्लू, मनी बग्गा, शितिकांत स्वाई, भागवत प्रजापति, श्यामू साहू, कृष्ण पाल बिंझिया, विजयराज अग्रवाल, अंकित दुबे, नंदकुमारी, अनीता सिंह, सुजीत सिंह,अमर लाल साहू, ओम राजवाड़े,कमलेश, किरन राजवाड़े, वंदना चौहान सहित अन्य उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन महामंत्री शितिकांत स्वाई और आभार प्रदर्शन रितेश गुप्ता ने किया,वहीं दूसरी ओर भाजपा के स्थापना दिवस पर शिवनंदनपुर मंडल के मतदान केंद्र क्रमांक 202 मोरभंज में भी स्थापना दिवस मनाया गया। इस दौरान भाजपा मंडल उपाध्यक्ष संदीप सरकार, आनंद विश्वास, देवदास सेन गुप्त, अजीत समद्दार, प्रवीण मजूमदार, तारक सरदार, दिलीप विश्वास, सपन विश्वास, ललन राम, मुकेश मिर्धा, सोन साय, काशीराम व अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।



### भाजपा मंडल द्वारा मनाया गया स्थापना दिवस

**सूरजपुर।** भाजपा कार्यालय अटल कुंज में भारतीय जनता पार्टी मंडल द्वारा पार्टी का स्थापना दिवस उत्साह एवं गरिमामय वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पंडित दीनदयाल उपाध्याय, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं भारत माता के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित एवं पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया।मुख्य अतिथि पूर्व जिला अध्यक्ष एवं रेडक्रॉस चेयरमैन बाबूलाल अग्रवाल ने भाजपा की स्थापना, उसके वैचारिक आधार एवं संगठन की निरंतर बढ़ती ताकत पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी आज विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी के रूप में स्थापित हो चुकी है, जिसका श्रेय लाखों समर्पित कार्यकर्ताओं की मेहनत एवं निष्ठा को जाता है। पूर्व जिला महामंत्री राजेश महलवाला ने भाजपा की रीति-नीति, अनुशासन एवं संगठनात्मक ढांचे के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कार्यकर्ताओं को बताया कि किस प्रकार संगठन के प्रत्येक स्तर पर सक्रिय रहकर समाज सेवा एवं जनहित के कार्यों को आगे बढ़ाया जा सकता है। पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिला अध्यक्ष ने भाजपा की कार्य पद्धति, योजनाओं एवं समाज के विभिन्न वर्गों तक पहुंच बनाने के प्रयासों पर अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष अरविंद मिश्रा ने स्वागत उद्बोधन देते हुए सभी अतिथियों एवं कार्यकर्ताओं का स्वागत किया मंच संचालन महामंत्री राजू देवांगन द्वारा किया गया, वहीं आभार प्रदर्शन मंडल कोषाध्यक्ष प्रदीप सोनी द्वारा किया गया। इस दौरान अजय अग्रवाल,डॉ. एचएन चतुर्वेदी, देवन्ती साहू, देवमुनीया साहू, किरण सोनी, ज्योति देवांगन, ललन सोनवानी, अजय सिंह, प्यारेलाल साहू, शिव शंकर साहू, लक्ष्मण कसेरा, रंजन सोनी, सत्यनारायण गुप्ता, संदीप जायसवाल, आशीष गुप्ता, किशन देवांगन, शेखर शाहा, लालसाय विश्वकर्मा, संदीप साहू, अजय कसेरा, शानू साहू, गौरीशंकर साहू, भूपेंद्र रजवाड़े सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।





## क्षेत्रीय रजवार समाज की नई कार्यकारिणी का गठन

हरिभूमि न्यूज ⏭ करवां

क्षेत्रीय रजवार समाज गजाधरपुर की नई कार्यकारिणी का गठन ग्राम पंचायत करवां स्थित राजवाड़े भवन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में गजाधरपुर क्षेत्रीय सामाजिक संगठन का पांच वर्षीय कार्यकाल पूर्ण होने के उपरांत नई कार्यकारिणी के गठन हेतु निर्वाचन प्रक्रिया आयोजित की गई।

प्रक्रिया के लिए मनमोहन राजवाड़े को निर्वाचन अधिकारी तथा शिशुपाल राजवाड़े को सहायक निर्वाचन अधिकारी नियुक्त किया गया था। अधिकारियों द्वारा पारदर्शी एवं लोकतांत्रिक तरीके से सभी औपचारिकताएं पूरी की गईं। चुनाव प्रक्रिया के दौरान उपस्थित सभी पदाधिकारियों एवं समाज के लोगों ने पूर्व अध्यक्ष मनीजर राजवाड़े के पिछले पांच वर्षों के कार्यकाल की सराहना की। उनके उत्कृष्ट नेतृत्व, संगठन विस्तार और सामाजिक गतिविधियों में सक्रिय योगदान को देखते हुए सर्वसम्मति से उन्हें पुनः अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपी गई। साथ ही नई कार्यकारिणी का भी विस्तार किया गया, जिसमें संरक्षक रामशरण राजवाड़े, सुखराम राजवाड़े एवं डीकेश्वरी राजवाड़े को जिम्मेदारी दी गई। उपाध्यक्ष पद पर होशराम राजवाड़े और रामकुमारी राजवाड़े, संचालक सह-सुखदेव राजवाड़े, कोषाध्यक्ष बहाल राम राजवाड़े, सचिव हीरा साय राजवाड़े तथा सह सचिव के रूप में देवसाय राजवाड़े एवं ललिता राजवाड़े को नियुक्त किया गया। संगठन मंत्री के रूप में दिनेश राजवाड़े, दोआ प्रसाद राजवाड़े एवं सविता राजवाड़े को दायित्व सौंपा गया। कार्यकारिणी सदस्यों में प्रेमसाय राजवाड़े, रामप्रसाद राजवाड़े, समर बहादुर राजवाड़े, सूरज प्रसाद राजवाड़े, सुमित्रा राजवाड़े, चिंतामणि राजवाड़े, गुलमोहर राजवाड़े, अमर साय राजवाड़े, रामाशंकर राजवाड़े, ओमप्रकाश राजवाड़े एवं रुपमणी राजवाड़े को शामिल किया गया है। नवनियुक्त पदाधिकारियों ने कहा कि वे समाज के विकास, एकता और संगठन को नई दिशा देने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इस दौरान समाज के वरिष्ठ एवं आसपास क्षेत्र सामाजिक कार्यकर्ता व अन्य उपस्थित थे।

### सड़क पर बने अवैध अहाता को हटाने की मांग, सौंपा ज्ञापन

**बिहारपुर।** तहसील मुख्यालय स्थित पटवारी हल्का क्रमांक 6 बिहारपुर अंतर्गत सड़क की भूमि खसरा क्रमांक 957 रकबा 0.06 हेक्टेयर में से 0.01 हेक्टेयर भूमि पर अतिक्रमण कर अहाता एवं शेड निर्माण करने के मामले में तहसीलदार ने अतिक्रमण को तत्काल हटाने का निर्देश दिया है। मामले की सुनवाई उपरांत तहसीलदार ने अतिक्रमणकारी दीपकपुरी आ.उपकारपुरी एवं संतोषपुरी आ.देवगन पुरी को 11 सितम्बर 2025 को आदेश जारी कर अतिक्रमण हटाने का निर्देश जारी किया था लेकिन अतिक्रमणकारियों द्वारा अब तक अतिक्रमण नहीं हटाया गया है जिससे ग्रामीणों को आवागमन में परेशानी हो रही है। ग्रामीणों ने तहसीलदार को ज्ञापन सौंप सड़क पर बने आहाता एवं शेड को तत्काल हटाने की मांग की है।

**न्यायालय तहसीलदार अम्बिकापुर जिला- सरगुजा (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र.---- /ब-121/2025-26

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक मोहन प्रसाद जायसवाल आ.भरत जायसवाल निवासी ग्राम बधिमा तहसील राजपुर जिला बलरामपुर रामानुजगंज छ.ग. के द्वारा अपने स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि ग्राम अम्बिकापुर स्थित भूमि खसरा नंबर 2070/75 रकबा 0.008 हे. भूमि को अनावेदक रीता जायसवाल पत्नी अशोक जायसवाल निवासी ग्राम बरियो तहसील राजपुर जिला बलरामपुर रामानुजगंज छ.ग. के पास अंकन राशि रूपये 5,00,000/- में बिक्री करने का सौदा तय कर बिक्री अनुमति हेतु आवेदन पत्र श्रीमान कलेक्टर महोदय सरगुजा के समक्ष प्रस्तुत किया गया है, जो जांच एवं प्रतिवेदनार्थ इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है। उक्त संबंध में यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई आपत्ति हो तो सुनवाई दिनांक 22.04.2026 के पूर्व स्वयं अथवा अपने प्रतिनिधि अथवा अभिषाक के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर अपना दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। समय-सीमा के बाद प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक :- 01/04/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालीन पदमुद्रा से जारी।

**तहसीलदार**
**अम्बिकापुर, सरगुजा**

## खबर संक्षेप



### पूर्व विधायक की जयंती पर मरीज व परिजन को किया गया फल वितरण

**लखनपुर।** क्षेत्र के पूर्व विधायक स्व. लाल अमरेश प्रताप सिंह देव की जयंती के अवसर पर हॉस्पिटल में फल वितरण किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान अस्पताल में भर्ती मरीजों एवं उनके परिजनों को फल वितरित किए गए, जिससे सेवा, सहयोग और मानवता का संदेश दिया गया। उपस्थित लोगों ने स्व. सिंहदेव के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी और उनके द्वारा क्षेत्र के विकास के लिए किए गए कार्यों को याद किया। इस दौरान ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष अमित सिंह देव, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य विक्रमादित्य सिंहदेव, वीरेन्द्र सिंहदेव, सराफत अली, रमेश जायसवाल, शशि पाण्डेय, मोजीब खान, इरशाद खान, जगरोपण यादव, रामसुजान द्विवेदी, जासिमुद्दीन, मकसूद हुसैन, उत्कर्ष पाण्डेय, जियाउल खान, इमरान हुसैन, सदाकत हुसैन अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### 12वीं बोर्ड की हिन्दी विषय की परीक्षा 10 को, दिया गया प्रशिक्षण

**अम्बिकापुर।** माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा संचालित हायर सेकेण्डरी मुख्य परीक्षा के हिन्दी विषय की परीक्षा 10 अप्रैल को पुनः आयोजित किये जाने के संबंध में मास्टर ट्रेनर द्वारा केंद्राध्यक्ष एवं सहायक केंद्राध्यक्षों को मल्टीपरपज हायर सेकेण्डरी स्कूल के हॉल में ट्रेनिंग दिया गया। ट्रेनिंग उपरांत सरगुजा के 71 परीक्षा केंद्रों के केंद्राध्यक्ष एवं सहायक केंद्राध्यक्षों, परिवहन कार्य में लगे अधिकारियों को मंडल से प्राप्त पीपीटी के आधार पर डीईओ डॉ.दिनेश कुमार झा को आवश्यक निर्देश दिए। प्राचार्य रविशंकर पाण्डेय एवं एलपी गुप्ता केंद्राध्यक्षों एवं सहायक केंद्राध्यक्षों को परीक्षा संचालन के संबंध में ट्रेनिंग दी।

### गाय-बछड़े की हत्या, ग्रामीणों ने दो आरोपियों को किया पुलिस के हवाले

**धौरपुर।** दो पालतू गोवंश की हत्या कर मांस खाने के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को हिरासत में लिया है। एक पालतू बछड़े की हत्या करते देख ग्रामीण स्वयं आरोपियों को पकड़कर पुलिस थाना लेकर आए तथा पुलिस के सुपुर्द किया। ग्राम पंचायत डूमरडीह अंतर्गत ग्राम चेऊरपानी में शनिवार को अज्ञात आरोपियों ने एक पालतू गाय की हत्या कर दी थी तथा उसके मांस के लिए गाय के शव को अमानवीय तरीके से काट डाला था। इस अप्रत्याशित घटना से ग्रामीण आक्रोशित थे। रविवार को ग्रामीणों ने गंभीर कोरवा एवं लालसाय कोरवा को एक पालतू बछड़े की हत्या करते देखा तो नाराजगी जताई एवं दोनों को पकड़कर पुलिस थाना ले आए। ग्रामीणों ने पुलिस को आरोपियों द्वारा शनिवार को एक पालतू गाय एवं रविवार को एक बछड़े की हत्या करने एवं गाय का मांस काटकर खाने का आरोप लगाया है। पशु स्वामी ने आरोपियों के विरूद्ध अपनी पालतू गाय एवं बछड़े की हत्या करने की रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने मामले में धारा 325(3),(3), बीएनएस की धारा 15 एवं पशु क्रूरता अधिनियम की धारा 4,6 एवं 10 का अपराध दर्ज करने के साथ ही ग्रामीणों द्वारा सौंपे गए आरोपियों को हिरासत में लिया है। रिपोर्ट पर पुलिस मामले की जांच करने घटनास्थल पर गई है। थाना प्रभारी ने बताया कि मामले की जांच उपरांत आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार किया जाएगा।

## हेल्थ प्लस

### लंबे समय तक मोबाइल और लैपटॉप के उपयोग से युवा पीढ़ी में बढ़ रहा कमर दर्द

**अम्बिकापुर।** आज के समय में स्वास्थ्य से जुड़ी समस्याएं तेजी से बदल रही हैं। पहले जहां कमर दर्द को बढ़ती उम्र से जोड़ा जाता था, वहीं अब



यह समस्या 15 से 25 वर्ष के युवाओं में भी तेजी से देखने को मिल रही है। जीवन ज्योति हॉस्पिटल के फिजियोथेरपिस्ट डॉ श्रेया सिंह ने बताया कि एक फिजियोथेरेपिस्ट के रूप में रोज़ाना ऐसे कई मरीजों को देख रही हूँ जो कम उम्र में ही इस समस्या से जूझ रहे हैं। उन्होंने बताया कि कमर दर्द के बढ़ते कारण लंबे समय तक मोबाइल और लैपटॉप का उपयोग, गलत बैठने की आदत, शारीरिक गतिविधियों की कमी, लंबे समय तक बैठे रहना, व्यायाम की कमी या गलत तरीके से जिम करना, मानसिक तनाव और नींद की कमी का मुख्य वजह हैं। अक्सर युवा शुरुआत में हल्के दर्द को नजरअंदाज कर देते हैं, लेकिन यह दर्द आगे चलकर गंभीर समस्या बन सकता है। डिस्क प्रॉब्लम, मसल स्ट्रेन या क्रॉनिक पेन यह न केवल शारीरिक बल्कि मानसिक स्वास्थ्य को भी प्रभावित करता है। फिजियोथेरेपी न केवल दर्द को कम करने में मदद करती है, बल्कि इसके मूल कारण को भी ठीक करती है।

## निधन



### डॉ. रमेश कश्यप

**सीतापुर।** साई नगर निवासी डॉ. रमेश कश्यप का 65 वर्ष की आयु में निधन हो गया। वे विगत कई दिनों से अस्वस्थ चल रहे थे। उनका अंतिम संस्कार गमगीन माहौल में मारवाड़ी श्मशान घाट में किया गया। पुत्र वीरू कश्यप ने इन्हें मुखाग्नि दी। इस दौरान मौजूद लोगों ने इन्हें अपनी अंतिम श्रद्धांजलि अर्पित की।

### लक्ष्य 60 करोड़ का, हासिल हुआ 39.17 करोड़ रूपए

# दो सालों से राजस्व लक्ष्य हासिल करने में पिछड़ रहा पंजीयन विभाग

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

जिला पंजीयक कार्यालय इस बार भी निर्धारित लक्ष्य को हासिल करने में पिछड़ गया है। राजस्व लक्ष्य को हासिल करने शासन के निर्देश पर अवकाश के दिनों में भी पंजीयन कार्यालय खुला रहा तथा पूरे दिन विभाग द्वारा टोकन हासिल करने वाले लोगों ने भूखण्डों का पंजीयन कराया इसके बावजूद राजस्व लक्ष्य पूरा नहीं हो सका।

**खास बात**
- उप पंजीयक कार्यालय सीतापुर के राजस्व में हुई 6 .48 फीसदी की वृद्धि

जिले भर के उपपंजीयक कार्यालयों के माध्यम से पूरे साल भूखण्डों का क्रय-विक्रय किया जाता है। भूखण्डों के विक्रय एवं पंजीयन के लिए स्टाम्प शुल्क के साथ ही विभाग द्वारा निर्धारित शुल्क का भुगतान करना पड़ता है जिससे शासन को राजस्व मिलता है। पूर्व में जिला पंजीयक कार्यालय के अधीन सरगुजा जिला के साथ ही सूरजपुर एवं बलरामपुर जिले के उप पंजीयक कार्यालय संचालित हो रहे थे लेकिन पिछले दो सालों से शासन ने सभी जिलों के पंजीयन कार्यालयों को पृथक कर दिया है साथ ही सभी उप पंजीयक कार्यालयों का राजस्व लक्ष्य भी अलग-अलग निर्धारित किया है। दो साल पूर्व शासन द्वारा सरगुजा, बलरामपुर एवं सूरजपुर जिला अंतर्गत विभिन्न तहसील क्षेत्रों में उप पंजीयक कार्यालय संचालित हो रहे थे। ये सभी उप पंजीयक कार्यालय अभी भी संचालित हो रहे हैं। शासन द्वारा जिला स्तर पर सभी उप पंजीयक कार्यालयों का लक्ष्य अलग से निर्धारित किया है। दो साल पूर्व सभी उप पंजीयक कार्यालयों के लिए निर्धारित लक्ष्य सरगुजा जिलान्तर्गत दो उप पंजीयक कार्यालयों के लिए निर्धारित होने के कारण विभाग पिछले दो सालों से निर्धारित लक्ष्य को हासिल नहीं कर पा रहा है। पिछले साल उप पंजीयक कार्यालय अम्बिकापुर का राजस्व लक्ष्य 60 करोड़ रूपए एवं उपपंजीयक कार्यालय सीतापुर का लक्ष्य 9 करोड़ रूपए निर्धारित किया गया था। लक्ष्य के विरूद्ध उप पंजीयक कार्यालय अम्बिकापुर ने 62.32 प्रतिशत कुल राशि 37.29 करोड़ तथा उप पंजीयक कार्यालय ने 22.18 प्रतिशत कुल राशि 1.99 करोड़ का राजस्व हासिल किया था। शासन द्वारा इस साल के लिए राजस्व लक्ष्य को क्रमशः 60 करोड़ एवं 9 करोड़ यथावत रखा था। इस बार दस्तावेजों में काफी वृद्धि होने के बावजूद उपपंजीयक कार्यालय अम्बिकापुर का निर्धारित लक्ष्य का 61 फीसदी एवं राशि 36.59 करोड़ एवं उपपंजीयक कार्यालय सीतापुर 28.66 फीसदी राशि 2.57 लाख का राजस्व हासिल कर सका है। पिछले साल की तुलना में उप पंजीयक कार्यालय सीतापुर के राजस्व में 6.48 फीसदी की वृद्धि जबकि अम्बिकापुर उप पंजीयक कार्यालय के राजस्व में 1.32 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई है।



**पूर्व में थे 8 उप पंजीयक कार्यालय**

पूर्व में जिला पंजीयक कार्यालय के अधीन अम्बिकापुर, सीतापुर, सूरजपुर, प्रतापपुर, रामानुजगंज, बलरामपुर, कुसमी एवं राजपुर उप पंजीयक कार्यालय संचालित थे। दो वर्ष पूर्व इन सभी उप पंजीयक कार्यालयों के लिए राजस्व लक्ष्य 60 करोड़ रूपए एवं ई स्टाम्प का राजस्व लक्ष्य 60 करोड़ रूपए निर्धारित था। जिसे सरगुजा, बलरामपुर एवं सूरजपुर जिले के सभी उपपंजीयक कार्यालय मिलकर पूरा नहीं कर पाते थे उसे अकेले सरगुजा के दो उप पंजीयक कार्यालयों के लिए निर्धारित किया गया है। राजस्व लक्ष्य में अप्रत्यशित वृद्धि होने के कारण विभाग के अधिकारी-कर्मचारी काफी हताश है।

**15436 दस्तावेजों का पंजीयन**

पिछले 12 महीनों में उप पंजीयक कार्यालय अम्बिकापुर द्वारा भूखण्ड विक्रय के 7767 दस्तावेजों का पंजीयन किया गया। उप पंजीयक कार्यालय द्वारा वर्ष 2024-25 में 7669 भूमि विक्रय दस्तावेजों का पंजीयन किया गया था। बलरामपुर-सूरजपुर एवं सरगुजा के सभी उपपंजीयक कार्यालय पूरे वर्ष में अधिकतम 4000 भूमि विक्रय से दस्तावेजों का पंजीयन करते थे तथा उप पंजीयक कार्यालय अम्बिकापुर सर्वाधिक राजस्व हासिल करता था। सभी जिलों के उप पंजीयक कार्यालयों का अलग-अलग लक्ष्य निर्धारित करने के बाद विभाग के लिए राजस्व लक्ष्य हासिल करना मुश्किल हो गया है।

**अत्यधिक लक्ष्य होने से समस्या**

पिछले वर्षों की तुलना में भूमि पंजीयन के दस्तावेजों में लगातार वृद्धि हो रही है लेकिन निर्धारित लक्ष्य अत्यधिक होने के कारण इसे हासिल करने में मुश्किलें हो रही है। दो साल पूर्व 8 उप पंजीयक कार्यालय 60 करोड़ का राजस्व लक्ष्य पूरा नहीं कर पाते थे जिसे सरगुजा के दो उप पंजीयक कार्यालयों के लिए निर्धारित किया गया है। पिछले वर्ष की तुलना में राजस्व में वृद्धि दर्ज की गई है।

-विवेक कुमार सिंह, जिला पंजीयक, सरगुजा

## छात्र संघ चुनाव की मांग : एनएसयूआई ने घेरा संत गहिरा गुरु विवि

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

छात्रसंघ चुनाव की मांग को लेकर सोमवार को एनएसयूआई ने विश्व विद्यालय में जमकर विरोध प्रदर्शन किया।

- कुलपति के नाम सौंपा गया ज्ञापन, अब रायपुर में होगा धरना प्रदर्शन



एनएसयूआई सरगुजा, सूरजपुर और मनेन्द्रगढ़ जिला संगठन ने अपने अपने अध्यक्ष एवं विश्वविद्यालय अध्यक्ष के संयुक्त नेतृत्व में संत गहिरा गुरु विश्वविद्यालय का घेराव कर विश्वविद्यालय के कुलपति को ज्ञापन सौंपा है।

बता दें कि छत्तीसगढ़ के महाविद्यालयों में विगत 8 वर्षो से छात्रसंघ चुनाव नहीं हो रहे हैं। छात्रसंघ चुनाव की मांग को लेकर एनएसयूआई पूरे प्रदेश में चरणबद्ध आंदोलन कर रहा है। 25 मार्च को प्रेसवार्ता के उपरांत एनएसयूआई ने 30 मार्च को छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा था। मांग पूरी नहीं होने पर 6 अप्रैल को पूरे छत्तीसगढ़ की तरह अम्बिकापुर में भी विश्वविद्यालय का घेराव किया गया। आंदोलन के आगामी चरण में एनएसयूआई प्रदेश की राजधानी में घेराव, धरना और प्रदर्शन करने वाली है। छात्रसंघ चुनाव को लेकर एनएसयूआई के सरगुजा अध्यक्ष आशीष जायसवाल, सूरजपुर जिले के अध्यक्ष आकाश साहू, मनेन्द्रगढ़ जिले के अध्यक्ष मो. कासिम एवं संत गहिरा गुरु विश्वविद्यालय, अम्बिकापुर के अध्यक्ष सुरेंद्र गुप्ता ने संयुक्त बयान जारी करते हुए कहा कि छात्रसंघ चुनावी को आयोजित न कर सरकार छात्रों के लोकतांत्रिक प्रतिनिधित्व के अधिकार को समाप्त कर रही है। छात्रसंघ चुनाव के माध्यम से चुने गये प्रतिनिधयों के माध्यम से छात्रों की जायज मांग को सरकार के समक्ष रखा जाता था। छात्रसंघ चुनाव को समाप्त कर भाजपा की यह निरंकुश सरकार उस छात्र राजनीति को समाप्त कर देना चाहती है जो छात्रों के साथ ही साथ देश के आमजन की समस्याओं को भी आवाज़ देता था। इन छात्र नेताओं ने यह आरोप लगाया है कि छात्रसंघ चुनावों पर रोक देश की लोकतांत्रिक मूल्यों को समाप्त करने की दिशा में ही एक कदम है। विश्वविद्यालय भवन के मुख्य द्वार पर एनएसयूआई का घेराव 2 घंटे चला। विश्वविद्यालय के कुलपति को द्वारा ज्ञापन देने के उपरांत यह घेराव समाप्त हुआ। इस मामले में संत गहिरा गुरू विश्वविद्यालय के कुलपति ने अपनी ओर से उचित औपचारिक पहल का आश्वासन दिया है। इस दौरान बड़ी संख्या में एनएसयूआई के कार्यकर्ताओं के साथ ही साथ छात्रों की मौजूदगी भी रही।

### घर में घुसकर महिला से छेड़छाड़, आरोपी गिरफ्तार

**अंबिकापुर।** महिला के घर में घुसकर छेड़छाड़ करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गांधीनगर पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 29 मार्च को कोतवाली अंतर्गत ग्राम करमहा निवासी कुलदीप रवि महिला के घर में जबरन घुस आया और गलत नीयत से छेड़छाड़ करने लगा। महिला की शिकायत पर पुलिस द्वारा अपराध दर्ज कर आरोपी की तलाश की जा रही थी। इस मामले में पुलिस ने करमहा निवासी 40 वर्षीय कुलदीप रवि आ. स्व. नारायण रवि को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस ने आरोपी को बीएनएस की धारा 331(6), 74 के तहत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इस कार्रवाई में थाना गांधीनगर से उनि दिलीप दुबे, सउनि ललन गुप्ता, प्रधान आरक्षक अमित सिंह, महिला आरक्षक सरस्वती, प्रिया रानी, आरक्षक राहुल सिंह, सैनिक अनिल साहू सक्रिय रहे।

## महिला से दुष्कर्म और हत्या के मामले में कांग्रेस का मौन धरना

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर



महामाया प्रवेश द्वार के पास महिला के साथ हुई दुष्कर्म और हत्या के मामले में आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होने को लेकर कांग्रेस का विरोध प्रदर्शन जारी है। चरणबद्ध आन्दोलन के तहत युवा कांग्रेस की राष्ट्रीय सचिव लिली श्रीवास की उपस्थिति में सोमवार को गांधी चौक डाटा सेंटर के सामने कांग्रेस ने मौन धरना दिया। धरना उपरांत मीडिया को संबोधित करते हुए कांग्रेस जिलाध्यक्ष बालकृष्ण पाठक ने कहा कि एक बेघर गरीब महिला के हत्या पर उसके न्याय के लिए पूर्व उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव की उचित मांग पर गृह मंत्री विजय शर्मा की गैरजिम्मेदाराना किस्म की प्रतिक्रिया यह दर्शाती है कि भाजपा के लिए एक गरीब महिला की दुर्दांत हत्या कोई मायने नहीं रखती। उन्होंने कहा कि गृहमंत्री जी पुलिस न तो गश्त कर रही है, न ही अपराधियों को समय पर पकड़ पा रही है, न अफीम की अवैध खेती को रोक पा रही है, न सूखे नशे के कारोबार को रोक पा रही है। मौन घरना कार्यक्रम में ननि नेता प्रतिपक्ष शफी अहमद, जेपी श्रीवास्तव, इंद्रजीत सिंह धंजल, मो. इस्लाम, दुर्गेश गुप्ता, मदन जयसवाल, सीमा सोनी, नुजहत फातिमा, गीता प्रजापति, प्रीति सिंह, विनीत जायसवाल, प्रशांत सिंह चीकू, डॉ. लालचंद यादव, प्रमोद चौधरी, जीवन यादव, अमित तिवारी राजा, लोकेश कुमार, शुभम जायसवाल, विकल झा, प्रीति सिंह, हसन खान, गुरुप्रीत सिंह सिद्धू, निक्की खान, रजनीश सिंह, अविनाश कुमार, परवेज आलम गांधी, सहित अन्य मौजूद थे।

**कांग्रेस निकालेगी कैंडिल मार्च**

महिलाओं के प्रति बढ़ते अपराध, बेलगाम नशे के कारोबार और कानून व्यवस्था की शिथिलता को लेकर 7 अप्रैल को जिला कांग्रेस कमेटी सरगुजा शाम 5 बजे कैंडिल मार्च का आयोजन करेगी। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सदस्य श्री आदित्येश्वर शरण सिंहदेव की अगुवाई में यह रैली राजीव भवन से प्रारंभ होकर सद्भावना चौक तक जाएगी।

## भटगांव में श्रमिक संगठन बीएमएस की बैठक, इंटक के श्रमिक नेता फिरोज खान बीएमएस में शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनगरा

भटगांव में श्रमिक संगठन एीएमएस की बैठक आयोजित की गई। बैठक में श्रमिक नेता और क्षेत्रीय कल्याण समिति के सदस्य फिरोज खान ने अपने पुराने संगठन इंटक को छोड़कर बीएमएस की सदस्यता ग्रहण की। इस फेरबदल को आगामी सदस्यता सत्यापन और यूनियन चुनावों से पहले एक सर्जिकल स्ट्राइक के रूप में देखा जा रहा है।

भटगांव स्थित बीकेकेएमएस के क्षेत्रीय कार्यालय में आयोजित मिलन समारोह में संगठन के शीर्ष पदाधिकारियों ने फिरोज खान का स्वागत किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से बीकेकेएमएस के केंद्रीय महामंत्री सुजीत सिंह, कम्पनी महामंत्री शिव कुमार दुबे, कंपनी सुरक्षा समिति के सदस्य संजय सिंह, और अध्यक्ष संतोष तिवारी मुख्य रूप से मौजूद रहे। सदस्यता ग्रहण करने के पश्चात फिरोज खान ने कहा कि भारतीय मजदूर संघ की राष्ट्रहित, उद्योग हित और फिर श्रमिक हित की विचारधारा ने उन्हें प्रभावित किया है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में श्रमिक केवल उसी संगठन पर



भरोसा कर रहे हैं जो धरातल पर उनके अधिकारों के लिए लड़ रहा है। बीएमएस की कार्यशैली में पारदर्शिता है और यही कारण है कि आज इस परिवार का हिस्सा बना हूं। महामंत्री सुजीत सिंह और शिव कुमार दुबे ने कहा कि फिरोज खान जैसे अनुभवी नेता के आगमन से संगठन को नई ऊर्जा मिलेगी। उन्होंने कहा कि बीएमएस केवल चुनाव तक सीमित रहने वाला संगठन नहीं है, बल्कि हम 365 दिन खदानों के भीतर और बाहर श्रमिकों की सेवा के लिए तत्पर रहते हैं। इस दौरान दिलीप मंडल,पवन वर्मा, राकेश श्रीवास्तव, राजेन्द्र सिंह, जगरनाथ पांडेय, अशोक गुप्ता, कमल सक्सेना सहित भटगांव क्षेत्र के सभी यूनिटों के पदाधिकारी मौजूद रहे।

तेज डायग्नोस्टिक
ब्लड बैंक (सेंटर)/ डॉक्टर्स हाउस
MRI & CT Scan
सुविधा उपलब्ध
अत्याधुनिक मशीनों के साथ
सटीक, तेज़ और भरोसेमंद जाँच
24/7 डायग्नोस्टिक सेवाएँ
क्योंकि सही समय पर जाँच
सही इलाज की पहली ज़रूरत है
अनुभवी रेडियोलॉजिस्ट
की देखरेख में हर रिपोर्ट –
पूरी सावधानी और मेडिकल एक्सपर्टीज़ के साथ
Tej Diagnostic
अपॉइंटमेंट के लिए संपर्क करें
ब्लड बैंक की सुविधा उपलब्ध
+91 70006 19700
7774222555, 9425583780, 9826183780 UNIT-1 बाबूपारा जोड़ा तालाब के सामने, अंबिकापुर
8224007799, 8718003300, 6262639090 UNIT-2 रानी तालाब के सामने, अंबिकापुर

## महाविद्यालय की भूमि पर अतिक्रमण कारियों की नजर

हरिभूमि न्यूज ⏭ शंकरगढ़

शासकीय महाविद्यालय की 10 एकड़ भूमि पर अब भू माफियाओं एवं अतिक्रमण कारियों की नजर पड़ गई। भूमि पर अतिक्रमण का प्रयास करने पर महाविद्यालय प्रबंधन ने एसडीएम को पत्र कर हस्तक्षेप करने की मांग की है।

- प्रबंधन ने एसडीएम को लिखा पत्र

एसडीएम को लिखे पत्र में महाविद्यालय प्रबंधन और छात्रों ने बताया है कि अरुण प्रताप सिंहदेव शासकीय महाविद्यालय की शैक्षणिक गतिविधियों और भविष्य के विस्तार के लिए आवंटित लगभग 10 एकड़ भूमि पर अतिक्रमणकारियों द्वारा कब्जा करने का प्रयास किया जा रहा है। हाल ही में राजस्व विभाग द्वारा इस भूमि का विधिवत सीमांकन कर चारों ओर शासकीय भूमि के बोर्ड भी लगा दिए गए हैं। बावजूद इसके असामाजिक तत्वों द्वारा रातों-रात नींव खोदकर निर्माण कार्य शुरू करने की कोशिश की जा रही है। महाविद्यालय के पास स्वयं की पर्याप्त भूमि होने के बावजूद, अतिक्रमण के कारण छात्रों को खेलकूद और अन्य महत्वपूर्ण शैक्षणिक गतिविधियों के लिए दूर स्थित हाई स्कूल ग्राउंड मानपुर का सहारा लेना पड़ता है। यदि इसी तरह अतिक्रमण की कोशिशें जारी रहीं, तो आने वाले समय में महाविद्यालय के पास केवल मुख्य भवन ही शेष रह जाएगा और छात्र खेल एवं विकास कार्यों से वंचित रह जाएंगे। महाविद्यालय प्रशासन ने एसडीएम को पत्र लिखकर तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है। महाविद्यालय प्रबंधन और छात्रों का कहना है कि यदि समय रहते प्रशासन द्वारा कार्रवाई नहीं की जाती है तो यह विवाद कानून-व्यवस्था की स्थिति निर्मित कर सकता है।



## विद्यालय में आयोजित की गई बैडमिंटन प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

नए शैक्षणिक सत्र के शुभारंभ के अवसर पर साधु राम विद्या मंदिर में बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का उद्देश्य छात्रों में ऊर्जा, उत्साह और खेल भावना को बढ़ावा देना था। प्रतियोगिता में प्रबंधन, शिक्षक, अभिभावक एवं विद्यार्थियों की टीमों ने भाग लिया।

प्रबंधन वर्ग की ओर से नैतिक अग्रवाल एवं सत्यप्रकाश अग्रवाल ने भाग लिया। अभिभावक वर्ग से प्रदीप सोनी एवं नितिन गोयल ने अपनी सहभागिता दर्ज कराई। शिक्षक वर्ग से दिन दयाल तिवारी एवं संजय सिदार ने भाग लिया, वहीं छात्र वर्ग से अथर्वराज शांडिल्य एवं अभिनव निगम ने प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। इस प्रतियोगिता की एक विशेष और रोचक बात यह रही कि शिक्षक वर्ग के प्रतिभागी दिन दयाल तिवारी, छात्र वर्ग के खिलाड़ी अथर्वराज शांडिल्य के पिता हैं। प्रतियोगिता के दौरान पिता और पुत्र का आमने-सामने प्रतिद्वंद्वी के रूप में खेलना दर्शकों के लिए अत्यंत रोमांचक रहा। इस अवसर पर विद्यालय के निर्देशक डॉ. राहुल अग्रवाल, एसएमसी समिति के अध्यक्ष सुनील अग्रवाल, विद्यालय के प्राचार्य प्रभाकर उपाध्याय एवं उप-प्राचार्य दिन दयाल तिवारी ने न केवल अपनी उपस्थिति दर्ज कराई, बल्कि स्वयं भी खेल में भाग लेकर सभी को प्रेरित किया। प्रतियोगिता के रेफरी के रूप में पीटीआई शिक्षक सुरेश कुमार एवं राजा उपस्थित रहे, जिन्होंने निष्पक्ष रूप से खेल का संचालन किया। प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला प्रबंधन टीम और छात्र टीम के बीच खेला गया, जो अत्यंत रोमांचक और कांटे की टक्कर वाला रहा।

अंततः प्रबंधन टीम ने लगभग 1 अंक के अंतर से जीत हासिल कर प्रतियोगिता अपने नाम की। कार्यक्रम के दौरान छात्र एवं शिक्षक दर्शक और समर्थक के रूप में बड़ी संख्या में उपस्थित रहे, जिनकी उत्साहवर्धक उपस्थिति ने पूरे आयोजन को और भी जीवंत एवं सफल बना दिया।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
हरिभूमि
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया
पण्डित काम्पलेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
मात्र 15,500/-
09 दिन
EX-हरिद्वार
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ,
श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री
ब्रेकफास्ट, डिनर, 25 सीटर टेम्पो ट्रैवलर, होटल, मैनेजर/ गाइड
20 अप्रैल, 06 मई, 09 मई, 13 मई,
18 मई, 08 जून, 17 जून 2026
राशि:- स्टैंडर्ड पैकेज 15,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411